वर्ष : 33 | अंक : 189 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, बुधवार, 25 सितंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


**विपक्ष का सवाल**
हथकड़ी में फायरिंग कैसे की?



## परिवार का आरोप : कस्टडी में पीटा गया

# बदलापुर एनकाउंटर CID करेगी जांच

**अमित बृज | बदलापुर/मुंबई**

महाराष्ट्र के बदलापुर एनकाउंटर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चार चार साल की दो बच्चियों के साथ गलत हरकत करने वाला अक्षय शिंदे कल एनकाउंटर में मारा गया था। मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम पूरा हुआ लेकिन उसके परिवार वालों ने एनकाउंटर को फर्जी बताकर उसका शव लेने से इंकार कर दिया। एनकाउंटर की जांच के लिए हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई है। विपक्षी महाविकास अघाड़ी के नेता भी इस मामले में पुलिस पर सवाल उठा रहे हैं। नए अपडेट के अनुसार, अब आरोपी के एनकाउंटर की जांच सीआईडी करेगी। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया।

### एनकाउंटर में मारे गए आरोपी की मां बोलीं : शव नहीं लेंगे

आरोपी शिंदे की मां ने कहा है कि हम अस्पताल में घंटों इंतजार करते रहे। लेकिन पुलिसवालों ने हमें अक्षय का शव भी देखने नहीं दिया। अक्षय के खिलाफ यौन शोषण के आरोप साबित नहीं हुए थे। वह पटाखे फोड़ने तक से डरता था। पुलिस पर गोली कैसे चला सकता है। एनकाउंटर एक साजिश है। अब हम उसका शव नहीं लेंगे। अक्षय ने बताया था कि पुलिस वाले उसे पीटते थे। दबाव डालकर बयान भी लिखवाते थे।



### बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी का मारा जाना भगवान का न्याय : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी के कथित तौर पर मुठभेड़ में मारे जाने को "भगवान का न्याय" करार दिया। पार्टी ने विपक्ष पर घटना पर संदेह करके "शहरी नक्सलियों" की भाषा बोलने का आरोप लगाया। भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, "पुलिस ने ठोस सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने उस पर (शिंदे पर) गोली चलाई, लेकिन विपक्षी दल घटना की परिस्थितियों पर सवाल उठा रहे हैं। विपक्षी दल ऐसे व्यवहार कर रहे हैं, मानो उनका 'एनकाउंटर' हो गया हो।" शेलार ने एमवीए के घटक दलों– शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस पर महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के हर कदम पर संदेह करने का आरोप लगाया।

### सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही है : राउत ने बदलापुर मामले के आरोपी की मौत पर कहा

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की "मुठभेड़ में मौत" पर मंगलवार को संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है।उन्होंने दावा किया, "यह एक बड़ी साजिश है। जिन लोगों को बचाया जा रहा है, उन्हें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का संरक्षण मिला हुआ है।" उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न की घटना के समय का स्कूल का सीसीटीवी फुटेज गायब है। राउत ने दावा किया, "स्कूल का भाजपा (नेताओं) से संबंध है और कल की कहानी (अक्षय शिंदे की हत्या) उन्हें बचाने के लिए बनाई गई।" शिवसेना (यूबीटी) नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने सवाल किया कि बदलापुर स्कूल के ट्रस्टी कहां हैं और सरकार उन्हें क्यों बचाने में लगी है। ठाकरे ने दावा किया, "ऐसा समझा जाता है कि स्कूल के ट्रस्टी भाजपा से जुड़े हैं, जिन्हें बचाया जा रहा है।"

### शिवसेना कार्यकर्ताओं ने पुणे, ठाणे में जश्न मनाया

कथित पुलिस मुठभेड़ में मौत का जश्न मनाने के लिए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पुणे में पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटीं। ठाणे जिले में भी शिवसेना कार्यकर्ताओं ने इसी तरह से जश्न मनाया। बदलापुर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंतर्गत आता है। शिवसेना की पुणे इकाई के प्रमुख प्रमोद भानगिरे ने कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस का मनोबल बढ़ाने के लिए पार्टी कार्यालय के बाहर पटाखे फोड़कर और पेड़े बांटकर जश्न मनाया। भानगिरे ने कहा, "हम राज्य सरकार और महाराष्ट्र पुलिस को बधाई देते हैं। पुलिस ने जो भी कार्रवाई की, वह बेहतरीन थी।"

**न्यूज़ ब्रीफ**

### नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली ट्रायल लैंडिंग 5 अक्टूबर को होगी

**मुंबई।** प्रस्तावित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) पर 05 अक्टूबर को विमान की पहली ट्रायल लैंडिंग होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद है। हवाई अड्डे पर घरेलू परिचालन मार्च 2025 में शुरू होने वाला है, इसके बाद जून 2025 में अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू होगा। यह जानकारी सिडको के अध्यक्ष संजय शिरसाट ने दी है। सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय शिरसाट ने मंगलवार को हवाई अड्डे की साइट का निरीक्षण किया। उनके साथ सिडको के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय सिंघल और अडानी समूह के अधिकारी भी थे, जो नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे लिमिटेड के माध्यम से हवाई अड्डे का निर्माण कर रहा है।

### तुकाराम ओंबले के नाम पर बनेगा स्मारक

**मुंबई।** मुंबई के 26/11 हमले के दिन आंतकी अजमल कसाब को जीवित पकड़ने वाले पुलिस कर्मी शहीद तुकाराम ओंबले का सातारा के जावली के केंडबे में स्मारक बनाने के लिए 15 करोड़ रुपए निधि के प्रावधान को मंजूरी दी गई है। ओंबले का मूल गांव केंडबे है।

### मुंबई यूनिवर्सिटी के सीनेट चुनाव में बंपर वोटिंग

**मुंबई।** मुंबई विश्वविद्यालय के पंजीकृत स्नातक समूह का सीनेट चुनाव में युवाओं का जोश देखने को मिला। इस मौके पर छात्र संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों में उत्साह का माहौल है। पंजीकृत स्नातक मतदाता वोट देने के लिए मुंबई के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में मतदान केंद्रों पर जाकर वोटिंग की। इसके साथ ही शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे, आदित्य ठाकरे और तेजस ठाकरे भी चेतना कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर गए और सीनेट चुनाव के लिए मतदान में अपने अधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में पहली बार मतदान कर रहे पंजीकृत स्नातक मतदाताओं के चेहरे पर उत्सुकता देखी गई। वे मतदान केंद्र के अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया के बारे में भी पूछते नजर आए। मुंबई विश्वविद्यालय क्षेत्र में 38 मतदान केंद्रों और 64 बूथों पर 55 प्रतिशत वोट डाले गए। चुनाव के दौरान अप्रिय घटना को रोकने के लिए मतदान केंद्र क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 27 सितंबर को मतगणना की जाएगी। मुंबई विश्वविद्यालय के पंजीकृत स्नातक समूह की सामान्य श्रेणी में 5 सीटों के लिए 15 उम्मीदवार, अनुसूचित जाति श्रेणी से 2, अनुसूचित जनजाति श्रेणी से 3, घुमंतू जनजाति श्रेणी से 3, अन्य पिछड़ा वर्ग से 3 वर्ग, महिला वर्ग से 2 चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे थे।

## अमित शाह का 45+ प्लान तैयार

**दीपक पवार | मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बड़ा प्लान बनाया है। उन्होंने मंगलवार (24 सितंबर, 2024) को अहम बैठक ली, जिसमें विदर्भ के लिए 45 प्लस का नारा दिया। उन्होंने कहा कि वह कार्यकर्ताओं का दर्द समझते हैं। हालांकि, अमित शाह ने यह भी कहा कि वह दूसरे दलों के नेताओं को बीजेपी के वफादारों के सिर पर नहीं बैठने देंगे।



**'बूथ पर पूरी ताकत के साथ काम करें' :** अमित शाह के अनुसार, पार्टी वफादारों को ज्यादा कुछ नहीं देती तो बाहरी लोगों को क्या देगी? ऐसे में बूथ पर पूरी ताकत के साथ काम करें। सहकारिता क्षेत्र, आध्यात्मिक क्षेत्र के लोगों को जोड़ें। पीएम नरेंद्र मोदी के करीबी माने जाने वाले अमित शाह ने यह भी कहा कि बीजेपी वाले कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी को खत्म करें। यह बात उन्होंने इन दलों के नेताओं को बीजेपी में लाने के संदर्भ में कही। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, बीजेपी के वफादार घर पर नहीं बैठेंगे। हम नकारात्मक मानसिकता के साथ आगे नहीं बढ़ेंगे। मीटिंग के दौरान अमित शाह ने दृढ़ संकल्प जाहिर किया कि महाराष्ट्र का चुनाव वह (बीजेपी) जीतना चाहते हैं।

### आज नासिक और कोल्हापुर में रहेंगे अमित शाह

अमित शाह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार (25 सितंबर, 2024) को बीजेपी की बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए नासिक और कोल्हापुर में रहेंगे। मीटिंग में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी होंगे। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए फिलहाल शेड्यूल नहीं आया है। हालांकि, सियासी गलियारों में ऐसी चर्चा है कि वहां नवंबर में इलेक्शन हो सकते हैं। महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं और किसी भी दल को बहुमत के लिए 145 का आंकड़ा चाहिए होगा। मौजूदा समय में वहां महायुति (एनडीए गठबंधन– बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी) की सरकार है।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : दूसरे चरण में 26 सीटों पर होगा मतदान

### उमर अब्दुल्ला सहित 239 प्रत्याशियों का भाग्य दांव पर

**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में बुधवार को होने वाले चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 25 लाख से अधिक मतदाता 239 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। ये विधानसभा क्षेत्र छह जिलों में फैले हैं। घाटी में तीन और जम्मू संभाग में इतने ही क्षेत्र हैं। चुनाव को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि चुनावी भागीदारी को सुचारू और परेशानी मुक्त बनाने के लिए भारत के चुनाव आयोग ने इन क्षेत्रों में 3,502 मतदान केंद्र बनाए हैं। इनमें 1,056 शहरी मतदान केंद्र और 2,446 ग्रामीण मतदान केंद्र हैं। अधिकारियों के अनुसार, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के प्रयासों के तहत सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा होगी।मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।



### उमर अब्दुल्ला सहित कई प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

इस चरण के लिए मुख्य नाम पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख प्रमुख रविंदर रैना हैं। अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कर्रा सेंट्रल शाल्टेंग से चुनाव लड़ रहे हैं। रैना राजौरी जिले में अपनी नौशेरा सीट को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। जिसे उन्होंने 2014 के विधानसभा चुनावों में जीता था। दूसरे चरण पर सभी की निगाहें लगी रहेंगी क्योंकि जेल में बंद अलगाववादी नेता सरजन अहमद वागे उर्फ बरकती नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता इंजीनियर रशीद के खिलाफ लोकसभा चुनाव की सफलता को दोहराने की उम्मीद कर रहे हैं। बरकती बीरवाह और गांदरबल विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं।

### रशीद ने बारामूला सीट से लड़ा था चुनाव

रशीद इंजीनियर के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद ने इस साल की शुरुआत में तिहाड़ जेल से संसदीय चुनाव लड़ा था और फिर भी बारामूला संसदीय क्षेत्र से अब्दुल्ला को दो लाख से अधिक मतों के अंतर से हराने में सफल रहे थे। विधानसभा चुनाव के इस दूसरे चरण में अन्य प्रमुख उम्मीदवार अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी (चन्नपोरा), पूर्व मंत्री अली मोहम्मद सागर (खानयार), अब्दुल रहीम राथर (चरार-ए-शरीफ) और चौधरी जुल्फिकार अली (बुद्धल) और सैयद मुश्ताक बुखारी (सूरनकोट) हैं। चौधरी जुल्फिकार अली और सैयद मुश्ताक बुखारी इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। 18 सितंबर को पहले चरण के मतदान में अनुमानित 61.38 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीसरे चरण के लिए 1 अक्टूबर को मतदान होगा। वहीं, मतों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी।

### श्रीनगर जिले की 93 सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में श्रीनगर जिले में 93 उम्मीदवार मैदान में हैं, इसके बाद बडगाम जिले में 46, राजौरी जिले में 34, पुंछ जिले में 25, गांदरबल जिले में 21 और रियासी जिले में 20 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## राज्य सरकार को फटकार

**धीरज सिंह | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी)के संरक्षित वन क्षेत्र में अनधिकृत रूप से रहने वाले पात्र व्यक्तियों के पुनर्वास को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने टिप्पणी कहा कि एनजीएनपी का मात्रात्मक योगदान मुंबई महानगर पालिका(बीएमसी) के वार्षिक बजट से अधिक है। अदालत ने इसको लेकर राज्य सरकार से 9 अक्टूबर तक जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आमिर बोरकर की पीठ के समक्ष सम्यक जनहित सेवा संस्था के विनायक भगत की ओर से दायर जनहित याचिका में एसजीएनपी के अंदर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों लोगों को पुनर्वास का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि मुंबई में एसजीएनपी का योगदान बीएमसी के वार्षिक बजट से भी अधिक है। आप अपनी आंखें बंद नहीं कर सकते। विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन किया गया है और मौद्रिक रूप में एसजीएनपी के योगदान को प्रमाणित किया गया है। यदि ये संख्याएं आगे नहीं बढ़ा सकतीं, तो उन्हें क्या आगे बढ़ा सकता है? राज्य के वन मंत्री सुधीर मुंगतिवार द्वारा जारी सितंबर 2022 की रिपोर्ट में एसजीएनपी के सेवाओं का आर्थिक मूल्य 15 करोड़ से अधिक आंका गया था।



- संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में रहने वाले पात्र व्यक्तियों के पुनर्वास का है मामला
- राज्य सरकार ने अदालत से आदेश पर अमल के लिए मांगा समय
- 9 अक्टूबर को मामले की अगली सुनवाई

## मुंबई में रामलीला आयोजन की तैयारियां शुरू

### मंडलों को मिलेगी हर सुविधाएं, मंत्री मंगल प्रभात लोढा ने की बैठक

**मुंबई।** मुंबई में होने वाली रामलीला की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर मंगलवार को कैबिनेट मंत्री व मुंबई उपनगर के प्रभारी मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मुंबई शहर और उपनगर के सभी रामलीला मंडलों के साथ अहम बैठक की। यह बैठक मुंबई भाजपा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई जिसमें मंत्री लोढा ने गणेशोत्सव की तर्ज पर हर सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया। आचार्य पवन त्रिपाठी की पहल पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) मुख्यालय में बैठक बुलाई गई। जहां मुंबई के सभी रामलीला मंडलों को अपने मुद्दे उठाने के लिए एक मंच मिला। इस बैठक में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कुछ अहम घोषणाएं कीं, जिससे रामलीला महोत्सव का आयोजन काफी आसान हो जाएगा। इस दौरान रामलीला मंडलों को लगातार पांच वर्षों तक अनुमति देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। साथ ही, फायर ब्रिगेड, पुलिस की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन सिस्टम की सुविधा भी रामलीला मंडलों को मिलेगी। फायर ब्रिगेड शुल्क भी माफ कर दिया गया है और बीएमसी के मैदान का किराया भी आधा कर दिया गया है। इसके अलावा इन मैदानों में आनेवाले श्रद्धालुओं के लिए बीएमसी द्वारा बुनियादी सुविधाएं जैसे प्रकाश योजना और शौचालय आदि की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी।



**व्यवस्थाओं का अवलोकन** > रेल मंत्री ने किया कवच 4.0 का उद्घाटन, रेल दुर्घटना की रोकथाम में महत्वपूर्ण साबित होगा

## रेल सुरक्षा की नई तकनीक कवच प्रणाली का सफल ट्रायल रन

**दोपहर संवाददाता | सवाई माधोपुर**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सवाई माधोपुर में ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच 4.0 का ट्रायल रन करके व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। रेल मंत्री ने सवाई माधोपुर से कोटा रेलवे स्टेशन के बीच स्वदेशी रेलवे सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 के मॉडल को बारीकी से देखा। रेलवे को सुरक्षित करने को लेकर रेलवे मंत्रालय द्वारा लगातार नई-नई तकनीक ईजाद की जा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन को ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम से लैस किया जा रहा है। इस रेलवे सुरक्षा प्रणाली को रेलवे द्वारा कवच 4.0 नाम दिया गया है।



### दिल्ली-मुंबई रूट पर लगेगा सिस्टम

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवी ने कहा कि पहले फेज में सवाई माधोपुर से कोटा के बीच यह सिस्टम स्थापित किया गया है। इसके बाद दूसरे चरण में दिल्ली से लेकर मुंबई तक यह सिस्टम लगाया जाएगा। रेल मंत्री ने कवच 4.0 सुरक्षा प्रणाली को परखने के लिए रेलवे अधिकारियों के साथ सवाई माधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक का सफर लोको में किया। कवच 4.0 रेलवे सुरक्षा प्रणाली एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) है। कवच 4.0 रेलवे सुरक्षा प्रणाली पूरी तरह से अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली है जो रेल दुर्घटना की रोकथाम में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का सुरक्षित तरीके से संचालन करेगा। यह प्रणाली देश में पहली बार सर्वप्रथम सवाई माधोपुर से कोटा के बीच 108 किलोमीटर की दूरी में लगाया गया है। यह देश का पहला रेलवे ट्रैक है, जहां इसे लागू किया गया है।

### ओवर स्पीड पर बजेगा अलार्म

रेलवे द्वारा कवच 4.0 रेलवे सुरक्षा प्रणाली के लिए रेलवे ने सवाई माधोपुर और कोटा के बीच 130 टावर स्थापित किए हैं। इसके लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है। इस ट्रैक पर 78 कवच भवन का निर्माण किया गया है। साथ ही 178 सिग्नलिंग इंटरफेस और एक एसपीएलएस नेटवर्क का निर्माण किया गया। रेलवे ने कवच 4.0 के तहत एक ऐसा स्वचालित सिस्टम तैयार किया है, जिसमें ट्रेन की निर्धारित स्पीड से 2 किमी प्रतिघंटा से अधिक की स्पीड होने पर कवच ओवर स्पीड अलार्म बजाएगा। ट्रेन की निर्धारित स्पीड से 5 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा होने पर ऑटोमैटिक ब्रेक लग जाएंगे। वहीं, ट्रेन की निर्धारित स्पीड से 9 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा होने पर पर इमरजेंसी ब्रेक लग जाएंगे। कवच सिस्टम पर इंटरलॉकिंग लगाई गई है, जिससे अगले सिग्नल को पढ़कर उसके आस्पेक्ट को रेडियो तरंगों के माध्यम से सीधे इंजन में प्रदशित कर देगा। इससे 160 किमी की रफ्तार में पायलट को सिग्नल पढ़ने में सुविधा होगी। उसे लाइन पर लगे सिग्नल पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। अगर लोको पायलट ट्रेन संचालन में कोई गलती करता है या भूल होती है तो सिस्टम तुरंत अलर्ट करेगा और आपात स्थिति में ब्रेक लगा देगा।

# उल्हासनगर में बीजेपी को बड़ा झटका

▶▶ उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने दिया पार्टी से इस्तीफा

▶▶ विधायक पर लगाए गंभीर आरोप

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। इस सियासी संग्राम के बीच नेताओं का पार्टी से नाराज होना और पाला बदलना आम बात है। महाराष्ट्र में चुनाव की आहट होते ही नेताओं ने अपनी-अपनी उम्मीदवारों के लिए जगह और पार्टियां खोजना शुरू कर दिया हैं। इसी बीच ठाणे जिले के में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। उल्हासनगर भाजपा उत्तरभारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी का नाम एक अनुशासनप्रिय पार्टी के रूप में लिया व माना जाता है। लेकिन उल्हासनगर में भारतीय जनता पार्टी के कुछ प्रमुख पदाधिकारियों के बीच सोमवार-मंगलवार के मध्य सोशल मीडिया, वाट्सएप ग्रुप पर हुई बहस से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के स्थानीय नेतृत्व से जुड़े पदाधिकारियों के मन में कितनी कटुता है व पार्टी में सब कुछ ठीक ठाक नहीं है।



### क्या है विधायक कुमार आयलानी पर आरोप?

मंगलवार को उल्हासनगर भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता ने भी अपनी ही पार्टी के विधायक कुमार आयलानी पर आरोप लगाते हुए अपने पद व पार्टी से इस्तीफा दे दिया। संजय गुप्ता ने आरोप लगाया कि विधायक कुमार आयलानी उत्तर भारतीयों का काम नहीं करते है।

### संजय गुप्ता पर दर्ज हुई थी एफआईआर

हाल ही में संजय गुप्ता पर स्थानीय विट्ठलवाडी पुलिस ने मुकेश वाधवा की शिकायत पर एक एफआईआर दर्ज की है। गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान खुलकर कहा था कि यह सब विधायक कुमार आयलानी करवा रहे है, जबकि संजय गुप्ता के आरोपों का विधायक आयलानी ने सिरे से नकार दिया था। संजय गुप्ता ने भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा पार्टी का कार्यभार संभालते ही शहर के उत्तरभारतीयों को सांस्कृतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया था। कम समय में संजय गुप्ता ने अपने कार्यो के बल पर अपनी अच्छी पकड़ बना ली थी।

# अजब प्रेम की गजब कहानी

▶▶ ब्रेकअप होने पर बॉयफ्रेंड हुआ आग बबूला, महिला के बेटे को कर लिया किडनैप



**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले में प्रेम-प्रसंग का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक महिला के दो साल के बेटे का अपहरण कर लिया गया है। बेटे का अपहरण करने वाला कोई और नहीं महिला ही प्रेमी निकला है। पुलिस ने दो साल के बेटे को अपहरण करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### प्रेम संबंध टूटने पर बेटे को किया किडनैप

पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि महिला द्वारा प्रेम संबंध तोड़ने पर उसने यह कदम उठाया था। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बेटे के अपहरण किए जाने के कुछ घंटे के अंदर सोमवार की रात बच्चे को न्यू पनवेल क्षेत्र से बचा लिया गया।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस ने 29 वर्षीय आरोपी को मुंब्रा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि देवनार में अपने घर के बाहर खेल रहे बच्चे का आरोपी कैब चालक अब्दुल समद हजरत अली शाह ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद बच्चे को नवी मुंबई के न्यू पनवेल इलाके में छिपा दिया था। इसके बाज परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दो साल के बेटे के अपहरण को लेकर दो टीमें गठित की गईं थी। पुलिस ने मुंबई, नवी मुंबई तथा ठाणे में तलाशी अभियान चलाया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसका बच्चे की मां के साथ प्रेम संबंध था।

# सैकड़ों इमारतों के पुनर्विकास का रास्ता साफ

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में हजारों इमारतों के पुनर्विकास और मरम्मत का मार्ग प्रशस्त हो गया है और शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के प्रयासों को सफलता मिल रही हैं। सांसद डॉ. शिंदे जी ने बताया कि कालाचौकी में अभुदय नगर म्हाडा कॉलोनी के पुनर्विकास के लिए टेंडर सोमवार को जारी किया जाएगा। डॉ. शिंदे जी ने इमारतों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आज बांद्रा पूर्व स्थित म्हाडा मुख्यालय में म्हाडा के उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल से मुलाकात की। इसके बाद वह पत्रकारों से बात कर रहे थे. सांसद डॉ. शिंदे ने हाल ही में शिवसेना जनसंवाद यात्रा के दौरान वरली, भायखला, शिवडी, जोगेश्वरी, बांद्रा समेत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के नागरिकों से मुलाकात की थी. इस बीच, यह बताया गया कि वरली में बीडीडी चाल, कोलीवाड़ा, पुलिस कॉलोनी जैसी कई इमारतों और चालियों के पुनर्विकास का मुद्दा रुका हुआ है। इस पृष्ठभूमि में म्हाडा मुख्यालय में म्हाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ डॉ. श्रीकांत शिंदे की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई।



### कई वर्षों से रुके हुए इमारतों के पुनर्विकास का मुद्दा सुलझा

इस बैठक में मुंबई में कई वर्षों से रुके हुए वरली, शिवडी-लालबाग, बांद्रा पूर्व और भायखला में विभिन्न इमारतों के पुनर्विकास का मुद्दा सुलझा लिया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीकांत शिंदे ने बताया कि लोकप्रिय अभुदय नगर म्हाडा कॉलोनी के पुनर्विकास के लिए लंबित निविदा सोमवार को निकाली जाएगी। इस पुनर्विकास के माध्यम से 25,000 निवासियों को आधुनिक, सुविधाजनक फ्लैट मिलेंगे। इसके साथ ही वरली , शिवडी, भायखला और बांद्रा पूर्व में म्हाडा, एसआरए और पीएमजीपी इमारतों के पुनर्विकास और मरम्मत कार्यों को भी इस समय मंजूरी दी गई है। बांद्रा और वरली में लगभग 1,400 इमारतें अभी भी लंबित हैं। लेकिन पिछले कई सालों में कोई काम नहीं होने का आरोप लगाते हुए डॉ. शिंदे ने स्थानीय विधायक आदित्य ठाकरे पर निशाना साधा।

# आरक्षण के लिए धनगर जनजाति का आंदोलन

▶▶ भेड़-बकरियों के साथ सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के पंढरपुर, लातूर, नेवासा में धनगर जनजाति के लोग भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इनके समर्थन में पूरे राज्य में आंदोलन चल रहा है। सोमवार को बीड जिले के विभिन्न स्थानों पर धनगर समाज की ओर से सड़क आंदोलन किया गया। धनगर समाज ने आरक्षण लागू करने और एसटी प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए यह सड़क रोको आंदोलन किया। बीड जिले के अंबाजोगाई, परली, केज बीड और अन्य तालुकाओं में भी सोमवार को सड़क रोको आंदोलन किया गया। महाराष्ट्र के अकोला में भी धनगर समाज एसटी कैटेगेरी के आरक्षण की मांग कर रहा है। उन्होंने सोमवार को मुंबई से कोलकाता जाने वाले नेशनल हाइवे-57 पर रिधोरा गांव के पास भेड़-बकरियां लाकर कई घंटों के लिए रास्ता रोक दिया।

### 'सरकार ने हमारी आंखों में धूल झोंकी'



धनगर समाज का कहना है कि हमें बाबासाहेब अंबेडकर ने एसटी में आरक्षण दिया था लेकिन पिछले 70 साल से अनेक सरकारों ने हमारी आंखों में धूल झोंकी और हमें इस आरक्षण से दूर रखा जिसके चलते आज पूरे महाराष्ट्र में धनगर समाज अपनी मांगों के लिए जगह-जगह आंदोलन कर रहा है। अकोला में 1 घंटे तक नेशनल हाइवे पर आंदोलन की जानकारी मिली, जहां पुलिस ने समझा बुझाकर सभी आंदोलनकारियों को किनारे किया और यातायात सुचारू रूप से चालू किया।

### अजित पवार के गांव से भी उठी आवाज

राज्य में मराठा और धनगर समुदाय के आरक्षण का मुद्दा जोरों पर है। आरक्षण की मांग को लेकर गांव-गांव में आंदोलन किए जा रहे हैं। ऐसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के काटेवाडी गांव में भी पंढरपुर में चल रहे धनगर आरक्षण के समर्थन में आंदोलन किया गया। धनगर समाज की ओर से बारामती इंदापुर मार्ग पर काटेवाडी में रास्ता रोको आंदोलन किया गया। धनगर समाज की ओर से भेड़-बकरियों के साथ सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध किया गया। बारामती तालुका के काटेवाडी समेत झारगडवाडी और पनदरे गांवों में भी धनगर भाइयों ने सड़क जाम कर दी और मांग की कि सरकार तुरंत धनगर समुदाय को आरक्षण दे।

# दिव्यांगत राशि गबन के मामले में उपायुक्त डॉ सुभाष जाधव का वसई तबादला

### प्रहार जनशक्ति पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर मनपा के दिवांग कल्याण विभाग के उपायुक्त डॉ। सुभाष जाधव को वसई नगर निगम में स्थानांतरित कर दिया गया है। हाल ही में दिव्यांगों के लिए सामग्री खरीद में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था, जिसमें दिव्यांग विभाग के आयुक्त प्रवीण पुरी ने जांच के आदेश दिए हैं। इसी पृष्ठभूमि में उनके तबादले की चर्चा उल्हासनगर महानगर पालिका क्षेत्र में हो रही है। जाधव के विरोध में प्रहार जनशक्ति पार्टी ने सोमवार को मनपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

### क्या है मामला ?

प्रहार जनशक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल डॉ।सुभाष जाधव पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि दिव्यांग निधि की बंदरबांट कर मनपा के माध्यम से दिव्यांगों को दी जाने वाली साइकिल 20 हजार रुपये में खरीदी गयी और एक छड़ी जो बाजार में 400 से 800 रुपये में मिलती थी उसे 8 हजार 200 रुपये में खरीद लिया गया। उपायुक्त डॉ। सुभाष जाधव को उल्हासनगर मनपा से वसई विरार नगर निगम में स्थानांतरण किया गया था, जिसके उपलक्ष्य में 23 सितंबर को मनपा मुख्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था।जिसे ध्यान में रखते प्रहार जन शक्ति पार्टी ने चेहरा काला करने की चेतावनी दी थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि सोमवार को मनपा मुख्यालय के चारों ओर सुरक्षा गार्ड और पुलिस तैनात कर दी गई थी।

# आजीवन कारावास की सजा के दोषियों को नहीं मिली राहत

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा के दो दोषियों को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने पुणे सेशन कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि आरोपी के कहने पर हथियारों की जब्ती और आईपीसी की धारा 302 के तहत दंडनीय अपराध के आरोप को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष की कहानी का समर्थन करता है। हमारे विचार में सभी प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा सुनाई गई घटना के विवरण की विश्वसनीयता को तोड़ा नहीं जा सकता है।



### पुणे सेशन कोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ के समक्ष शगीर शकील शेख और मजहर बशीर शेख की याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने कहा कि यह मामला चश्मदीद गवाहों के बयान पर आधारित है। हमें नहीं लगता कि इन गवाहों की गवाही की किसी पुष्टि की कोई आवश्यकता है। याचिकाकर्ता शगीर के कहने के आधार पर हथियार जब्त किया गया था। वे हथियार घास में छिपाए थे। उस पर खून के धब्बे थे। चिरागुद्दीन हुस्नुद्दीन मदारी ने पुणे के शिरुर पुलिस को बताया था कि शगीर शकील शेख, हुसैन मकबूल शेख, शकूर रज्जाक शेख, और मजहर बशीर शेख तलवार और डंडा समेत घातक हथियारों से लैस होकर 14 फरवरी 2011 को शब्बीर पर हमला किया।

# पानी बिल के बकायादारों पर मनपा की कार्रवाई

▶▶ मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 611 नल कनेक्शन खंडित

▶▶ 30 मोटर पंप जब्त

▶▶ लगभग 33 करोड़ रुपये का पानी बिल किया वसूल

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत पानी के बिल बकायादारों की मनपा पानी विभाग की ओर से वसूली शुरू किया है। इस मुहिम के तहत मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 611 नल कनेक्शन को खंडित कर 30 मोटर पंप जप्त किया। पानी के बिल वसूली अभियान के दौरान 33 करोड़ रुपये की वसूली हुआ। मनपा ने आवाहन किया है कि समय पर बिल भरकर मनपा का सहयोग करें। मनपा पानी विभाग का बकाया राशि 224 करोड़ रुपये घरेलू और 76 करोड़ रुपये बकाया व 148 करोड़ रुपये चालू साल का है। पानी के बिल का भुगतान नहीं करने वाले कनेक्शन धारक के कनेक्शन को खंडित कर पानी की सप्लाई बंद कर दिया जायेगा। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने यह स्पष्ट निर्देश दिया है।वही मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने बिल का साप्ताहिक वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर पानी बिल वसूली के लिए अभियान शुरू करने के लिए कहा।

### बकाया बिल का भुगतान करने पर प्रशासनिक नियम के तहत छूट



मनपा क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शन धारक के लिए बकाया राशि व चालू साल के राशि को जमा करने पर प्रशासकीय नियम के तहत 100 प्रतिशत छूट देने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है। यह योजना 1 सितंबर से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी।मनपा ने इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों से आवाहन किया है। यह योजना केवल घरेलू नल कनेक्शन धारकों के लिए है।

# एआईएमआईएम की रैली मुंबई से वापस संभाजीनगर लौटी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुसलमानों के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक नितेश राणे और रामगिरि महाराज की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एआईएमआईएम की तिरंगा रैली मुंबई से छत्रपति संभाजीनगर वापस लौट गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि रैली को मुंबई में प्रवेश करना था, लेकिन उसे ठाणे से आगे नहीं बढ़ने दिया गया और इसके प्रतिभागियों ने सोमवार रात छत्रपति संभाजीनगर की ओर लौटना शुरू कर दिया। रैली का नेतृत्व ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल



मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने किया। जलील ने कहा, ''इस तथ्य के बावजूद कि नितेश राणे और रामगिरि महाराज के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है। इन्होंने खुले तौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया और राज्य में शांति भंग करने के लिए भड़काऊ बयान दिए हैं।



## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

**बांधकाम विभाग, प्र.स.क्रं.1**

### ई- निविदा सुचना क्रमांक 86 सन 2024-2025

**(2 रा कॉल)**

### जनरल निधी अंतर्गत सन 2024-2025

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागामार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म दिनांक 25/09/2024 ते दि. 03/10/2024 पर्यंत विक्रीस उपलब्ध आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | निविदापत्राची किंमत (रु.) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | भिवंडी पूव मतदार संघामधिल प्रभाग क्रं.1 वॉर्ड क्र.2 रिजवान शेठ चाळ येथील घर क्र. 319 पासून ते मुश्ताक कंपाउंड पर्यंत नवीन गटार व पाथवेज तयार करणे. | 7,98,447/- | 590/- |
| | वरील ऑनलाईन निविदा दि.03/10/2024 पर्यंत दुपारी 4.00 पर्यंत स्विकारण्यात येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि. 04/10/2024 रोजी संध्या 4.01 अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोईप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यात येईल. अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या mahatenders. gov. in या संकेतस्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शासकीय इमारतीमधील 5 व्या मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा. | | |

हस्ता.

**(सचिन नाईक)**

प्र. शहर अभियंता

भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका


# पीएमआरडीए को 3 हजार 838 करोड़ के बजट की मंजूरी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

अटल सेतु , मुंबई-पुणे हाईवे मिसिंग लिंक जैसी परियोजनाओं के कारण पुणे और मुंबई महानगर करीब आ गए हैं। परिणामस्वरूप, पुणे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण विकास प्रक्रिया की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार है और प्राधिकरण को एक सांस्कृतिक शहर के रूप में पुणे शहर की पहचान बनाए रखनी चाहिए और शहर का विकास करना चाहिए । मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पुणे महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। बैठक में पीएमआरडीए के 3 हजार 838 करोड़ 61 लाख के बजट को मंजूरी दी गयी।

### बैठक में लिया गया फैसला

मुंबई के सह्याद्रि गेस्टहाउस में हुई इस बैठक में मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ।पी। गुप्ता, योजना विभाग के अपर मुख्य सचिव राजगोपाल देवड़ा , मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खड़गे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ब्रिजेश सिंह , शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव असीम गुप्ता , पीएमआरडीए के आयुक्त योगेश म्हसे आदि उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी की पुरुस्कार राशि हुई दोगुनी

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**




महाराष्ट्र सरकार में सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुंगटीवार ने सिंधी समाज को दिया हुआ अपना वचन पूरा करते हुए महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी की पुरुस्कार राशि बढ़ाकर दुगनी कर दी है। जिससे सिंधी समाज और साहित्य करो, कवि, लेखक में उत्साह का वातावरण बना हुआ। पिछले दिनों महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी द्वारा वर्ष 2023-24 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन चंद्रपुर शहर के प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक सभागृह में किया गया था। इसमें पुरस्कार प्रदान के साथ अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी के कार्यकाल में संपन्न कार्यक्रमों की स्मारिका का मंत्री सुधीर मुंगटीवार के हाथो से विमोचन हुआ था।

# अंजुमन खैरुल इस्लाम गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल की शिक्षिका नूरुननिसा शेख आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**




हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ठाणे महानगर पालिका द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन को प्रेरित करने हेतु आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अंजुमन खैरुल इस्लाम गर्ल्स हाई स्कूल की सक्रिय, मेहनती और विद्यार्थियों के प्रति समर्पित शिक्षिका शेख नूरुननिसा बेगम अब्दुल हक को भी आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बता दें कि शेख मैडम हमेशा स्कूली छात्रों के कल्याण के बारे में चिंतित रहती हैं।

# अवैध तरीके से रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले में अवैध तरीके से रह रहे पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक सुरभि पवार ने मंगलवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ ने नाला सोपारा इलाके की झुग्गी बस्ती में रविवार को पांचों को पकड़ा। उनके पास से भारत में रहने के लिए कोई भी वैध दस्तावेज बरामद नहीं हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आरोपी करीब 10 साल पहले नदी के रास्ते भारत में दाखिल हुए थे और दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम कर रहे थे।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** कर्म से छुटकारा पाना मुश्किल है : मोरारीदास प्रभुदास हरियानी

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ई-टेक्सटाइल प्रणाली का किया अनावरण



मुंबई। कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ' ई-टेक्सटाइल ' प्रणाली विकसित की गई है । इस ' ई-टेक्सटाइल ' प्रणाली का अनावरण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सह्याद्री गेस्ट हाउस में किया। इस अवसर पर कपड़ा मंत्री चंद्रकांत पाटिल , मुख्य सचिव सुजाता सौनिक , कपड़ा विभाग के सचिव वीरेंद्र सिंह और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## गोरेगांव एवं कांदिवली स्टेशनों के बीच मेजर ब्लॉक



**मुंबई।** गोरेगांव एवं कांदिवली स्टेशनों के बीच छठी लाइन के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए, बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि यानी 25/26 सितंबर, 2024 को 00.15 बजे से 04.45 बजे तक अप और डाउन फास्ट लाइन और 5वीं लाइन पर 3.30 घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक के दौरान, सभी अप फास्ट लाइन और 5वीं लाइन की ट्रेनें बोरीवली से गोरेगांव/अंधेरी के बीच अप स्लो लाइन पर चलेंगी। इस ब्लॉक के कारण, कुछ उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित होंगी और ब्लॉक अवधि के दौरान उन्हें रद्द/शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा।

### मुंबई की पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 का अनावरण

# आरे से बीकेसी तक ट्रायल रन सफल



दीपक पवार । मुंबई

मुंबई मेट्रो लाइन-3 की पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 का मंगलवार, 24 सितंबर को अनावरण किया गया। आरे से बीकेसी तक ट्रायल रन सफल रहा।

**टिकट प्राइस**

- न्यूनतम टिकट प्राइस 10 रुपए
- अधिकतम टिकट प्राइस 70 रुपए
- पहले चरण का अधिकतम टिकट प्राइस –50 रुपए

### नेटवर्क की नो चिंता

मेट्रो लाइन 3 पर टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए सऊदी अरब के रियाद में स्थित ऐसेस की सहायक कंपनी ऐसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। इससे यात्रियों को अब एक्वा लाइन रूट पर यात्रा के दौरान मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं मिलेंगी। टेलीकॉम कंपनियों ने भी अपनी मशीन लगाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही वाईफाई सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

### पहला चरण जल्द ही शुरू

बहुप्रतीक्षित अंडरग्राउंड मेट्रो का पहला चरण जल्द ही शुरू होने वाला है। इस मेट्रो के शुरू होने से आरे जेवीएलआर से बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स (बीकेसी) का सफर आरामदायक हो जाएगा और लोगों को ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिलेगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) की एमडी अश्विनी भिड़े ने कहा कि यह लाइन अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू हो होने वाली है। हालांकि इसके उद्घाटन की तारीख अभी निश्चित नहीं की गई है। फिलहाल रोलिंग स्टॉक को मंजूरी मिल गई है और मेन लाइन के सीएमआरएस ट्रायल के लिए लेटर भेजा गया है। इस हफ्ते यह काम भी पूरा हो जाएगा।

### प्रतिदिन 260 राउंड ट्रिप होगी संचालित

मिली जानकारी के अनुसार, पहला चरण 12.44 किमी का है, जिसमें 10 स्टेशन शामिल है और इस पर फिलहाल 9 ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस लाइन का काम 98.7% पूरा हो गया है। इस लाइन पर प्रतिदिन 260 राउंड ट्रिप संचालित की जाएगी। अनुमान लगाया गया है कि इस इस लाइन पर वीक डेज पर प्रतिदिन 6.5 लाख लोगों का और वीकेंड पर प्रतिदिन 4.5 लाख लोगों का आवागमन होगा।

मिली जानकारी के अनुसार इस लाइन का न्यूनतम टिकट प्राइस 10 रुपए और अधिकतम टिकट प्राइस 70 रुपए होगा। हालांकि पहले चरण का अधिकतम टिकट प्राइस 50 रुपए तक होगा। इस लाइन के शुरू होने के बाद रोड पर की ट्रैफिक कम होने की उम्मीद जताई गई है। इस लाइन पर 23 मिनट में आरे जेवीएलआर से बीकेसी पहुंचा जा सकेगा।

**पहले चरण के स्टेशन**

- आरे जेवीएलआर
- सीप्झ
- एमआईडीसी अंधेरी
- मरोल नाका
- छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट T2
- सहार रोड
- छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट T1
- सांताक्रूज़
- विद्यानगरी
- बीकेसी

### यात्रा होगी किफायती

इस मेट्रो लाइन को किफायती बनाने के लिए एमएमआरसी ने मेसर्स माइक्रोस्कैन इन्फोकॉमटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ 15 साल का एग्रीमेंट साइन कर लिया है। ताकि गैर किराया राजस्व अर्जित किया जा सके। ताकि यात्रियों को कम किराया भरना पड़े। यह लाइसेंस माइक्रोस्कैन को मुंबई मेट्रो लाइन 3 की 33.5 किलोमीटर भूमिगत सुरंगों के साथ अतिरिक्त ओएफसी बिछाने के लिए एमएमआरसी और राइट ऑफ वे के साथ उपलब्ध ओएफसी का उपयोग करने की अनुमति देता है। एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिड़े ने कहा कि मुंबई जैसे शहर, जहां जगह की कमी है, वहां अंडरग्राउंड मेट्रो अपने आप में ख़ास है। क्योंकि अंडरग्राउंड मेट्रो बनने के बावजूद निर्धारित जमीन पर चलने वाला काम डिस्टर्ब नहीं होता है।

## तीर्थस्थलों के विकास के लिए 305 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी



**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शिखर समिति की बैठक में राज्य के विभिन्न तीर्थ स्थलों के विकास के लिए लगभग 305 करोड़ 63 लाख रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई. इसमें श्री क्षेत्र पंढरपुर में दर्शन मंडप और दर्शन रंग की सुविधा के लिए 129 करोड़ 49 लाख रुपये के कार्य भी शामिल हैं। श्री क्षेत्र पंढरपुर विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर क्षेत्र में भक्तों और पर्यटकों के लिए दर्शन मंडप और दर्शन रेंज की सुविधा स्थापित की जाएगी। इसके लिए 129 करोड़ 49 लाख रुपये की योजना स्वीकृत की गयी. भागुर (जिला नासिक) के स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित थीम पार्क को साकार किया जाएगा। इसके लिए 40 करोड़ रुपये के प्रस्ताव और पहले चरण में 15 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई। अमलनेर (जलगांव जिला) में देश के एकमात्र मंगलग्रह देवस्थान की 25 करोड़ रुपये की विकास योजना को मंजूरी दी गई।

# 'स्कूल प्रबंधन को बचा रही सरकार'

### बदलापुर मामले के आरोपी की मुठभेड़ में मौत पर बोले संजय राउत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मंगलवार को बदलापुर कांड के आरोपी अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन को बचाने की कोशिश कर रही है। राउत ने कहा कि इस मुठभेड़ की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। लेकिन ऐसे आरोपियों के प्रति सहानुभूति दिखाने की भी जरूरत नहीं है। राउत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आगे कहा, ₹लेकिन जो हत्या या मुठभेड़ हुई, वह मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) को बचाने के लिए की गई। यह कैसे संभव है कि एक सफाईकर्मी एक पुलिस कर्मी से बंदूक छीन ले और फिर ताबड़तोड़ गोलीबारी करे? यह एक बुनियादी सवाल है।



### तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था आरोपी

अक्षय शिंदे पर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म का आरोप था। सोमवार की शाम वह पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारा गया। यह घटना तब हुई, जब उसे पुलिस के वाहन में तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था। राउत ने आरोप लगाया कि सरकार स्कूल प्रबंधन को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्कूल प्रबंधन को बचाना चाहते हैं और इसके लिए वे सबूत नष्ट करना चाहते हैं।

**सिद्धिविनायक प्रसाद मामला**

# मंदिर ट्रस्ट ने दी सफाई

दोपहर संवाददाता । मुंबई

तिरूपति के लड्डुओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच, मंदिर के प्रसाद से जुड़ा एक और अजीबों-गरीब मामला सामने आया है। सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पैकेटों पर चूहों का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया है और कहा है कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी चेयरपर्सन सदा सरवणकर ने अब इस मामले में सफाई दी है, उन्होंने कहा, 'प्रतिदिन लाखों लड्डू वितरित किए जाते हैं और जिस स्थान पर उन्हें तैयार किया जाता है वह साफ-सुथरा होता है। उन्होंने कहा, वीडियो में एक गंदी जगह दिखाई गई है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर की नहीं है और इसे कहीं बाहर शूट किया गया है।'





### 'हम सीसीटीवी की जांच करेंगे'

वीडियो में नीली ट्रे में रखे लड्डुओं के फटे पैकेटों पर चूहे दिखाई दे रहे हैं। शिवसेना नेता ने इस मामले में आगे बताया, 'हम सीसीटीवी की जांच करेंगे और जांच के लिए डीसीपी रैंक के एक अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।' एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, सरवणकर ने बताया कि मंदिर यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करता है कि प्रसाद साफ जगह पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा, "घी, काजू और अन्य सामग्रियों को पहले बृहन्मुंबई नगर निगम की लैब में टेस्ट के लिए भेजा जाता है ।

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
EXECUTIVER ENGINEER, P.W. SPECIAL PROJECT DIVISION,
AAREY, MUMBAI 400 065
E-mail: spaarey.ee@mahapwd.com. Tel No 022-29272447

Tender Notice No. 09 for 2024-2025

Online Tender (e-tender) in "B-1" Form for the following work is invited by the Executive Engineer, Works Special Project Division, Aarey, Goregaon(E), Mumbai 400 065 from **the Class V and above for sr.no.1 to5 and Class VA and above for sr.no.6 to 8 and Class VI and above for sr.no.9** Registered Contractor under Public Works Department Government of Maharashtra through Government of Maharashtra Electronic Tender Management System. Tender documents are available online on website **https://mahatenders.gov.in.** The right to accept or reject the above said e-tender without assigning any reason rests with the competent authority Conditional tester shall not be accepted.

| Sr No. | Name of Work | Estimated Cost in Rupees |
|---|---|---|
| 1. | Providing and erection of Entrance Gate for Rustic Spotted Cat Cage and other allied works with improvement, beautification at Sanjay Gandhi National Park, Borivali (E), | Rs. 65,49,009.00 |
| 2. | Improvement, strengthening and renovation of roadway to Leopard rescue center and other allied works at Sanjay Gandhi National Park, Borivali (E.), Mumbai. | Rs. 6890037.00 |
| 3. | Construction of Reinforced Cement Concrete Compound wall at Village Versova, Survey No 34 Pt, Beet Ghodbhunder, Round Ghodbhunder. Range Yeur (Adjoining to private land Survey No 60 of Sanjay Gandhi National Park, Mumbai. | Rs.6260496.00 |
| 4. | Construction of Reinforced Cement Concrete Compound wall fat Village Versova, Survey No 34 Pt, Beet Ghodbhunder, Round Ghodbhunder, Range Yeur (Adjoining to private land Survey No 62 )of Sanjay Gandhi National Park, Mumbai | Rs.6003292.00 |
| 5. | Construction efteinforced Cement Concrete Compund wall at Sanjay Gandhi National Park, Borivali East, Mumbai (At Veur range S.No. 58, bat Sarjamori No. 1114 round Nagla Parimandal | Rs.5805004.00 |
| 6. | Construction of Reinforced Cement Concrete Compund wall at Sanjay Gandhi National Park, Borivali East, Mumbai (At Yeur range S.No. 385, beat Sasunavghar No. 1115 round Nagla Parimandal | Rs.4206197.00 |
| 7. | Construction of Reinforced Cement Concrete Compound wall at Village Versova, Survey No 34 Pt, Beet Ghodbhunder, Round Ghodbhunder, Range Yeur (Adjoining to private land Survey No 64 )of Sanjay Gandhi National Park, Mumbai. | Rs.4356506.00 |
| 8. | Reconstruction of Reinforced Cement Concrete Compound wall at Lokmanya nagar, Pada No 04,( Panchphakhadi Reserve Forest S.No 520) of Sanjay Gandhi National Park, Mumbai. | Rs.4358705.00 |
| 9. | Reconstruction of Reinforced Cement Concrete Compund wall at Reserved Forest Survey No.89 of Chena range at Sanjay Gandhi National Park, Mumbai | Rs.1309781.00 |

E-Tender Schedule:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Period of downloading of tender | From Date **23/09/2024**@15:00 to Date **30/09/2024**@17:00 |
| 2 | Bid Submission | From Date **23/09/2024**@15:00 to Date **30/09/2024**@17:00 |
| 3 | Opening of Tender (Online) | Date **01/10/2024**@17:15, In the office of the Executive Engineer, Public Works Special Project Division, Aarey, Goregaon, Mumbai 400065. |

All information of e-tendering is available on the following websites:-
1. https://mahapwd.com
2. https://mahatenders.gov.in

(If any changes occurred in tender notice, the same shall be available on above websites)


Tender notice is available on the Notice board of office of the Executive Engineer, Public Works Special Project Division, Aarey, Goregaon (E).

Sd./-
Executive Engineer
P. W. Special Project Division Aarey
Goregaon (E), Mumbai -65

No.EE/PWSPD/Aarey/TC/
Office of The Executive Engineer,
P.W.Special Project Division, Aarey,
Goregaon (E) Mumbai-400065
Date:-

DGIPR-2024-25/3304

## लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी ने बैंक पर उत्पीड़न करने की शिकायत की




**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने लीलावती अस्पताल के एक ट्रस्टी की ओर से बैंक के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत के मामले में कहा कि यह बकाया पेमेंट से बचने का प्रयास था। ट्रस्टी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि बैंक द्वारा उत्पीड़न के कारण उनके पिता और अस्पताल के संस्थापक की मृत्यु हो गई। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने कहा कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराना 'अपनी जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास मात्र था।' अदालत ने यह फैसला 18 सितंबर को सुनाया। अदालत ने इस वर्ष जुलाई में एचडीएफसी बैंक और उसके प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को आयोग द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को रद्द कर दिया जिसमें उन्हें एक अगस्त को आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था।

आयोग ने लीलावती अस्पताल का संचालन करने वाले लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट के स्थायी ट्रस्टी राजेश मेहता द्वारा दायर शिकायत पर सुनवाई की थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन और वसूली विभाग द्वारा उन्हें और उनके पिता किशोर मेहता को गंभीर उत्पीड़न और मानसिक यातना दी गई।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

क्र. एसीआरसी/1311 जीईएन/एईएम दि.24/09/2024

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त नीचे दिखाए गए कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| अ. क्र. | कार्य का नाम | ईएमडी (रुपए) | बोली शुरू होने की तिथि और समय | जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोली संख्या 2024 एमसीजीएम 1090626_1<br>कार्य का नामः- बोरीवली पश्चिम में आर/सेंट्रल वार्ड में आरएम भट्टड़ रोड के नीचे पुल के सौंदर्यीकरण की सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड की आपूर्ति। | रु.49,300/ | 25.09.2024<br>सुबह 9.00 बजे से | 30.09.2024<br>9.00 बजे तक |

निविदा शर्त के अनुसार अपेक्षित जांच शुल्क आर/सेंट्रल वार्ड कार्यालय में भुगतान किया जाना है।
कृपया अधिक जानकारी के लिए **https://mahatenders.gov.in** देखें।

हस्ता./-
सहायक अभियंता (मेंटे.), आर/सेंट्रल

पीआरओ/1382/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

# कोविड की समग्र वैक्सीन की तलाश में वैज्ञानिक

दुनिया में कोरोना वायरस का खौफ खत्म हो चुका है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमें इस खतरनाक वायरस की मौजूदगी से बेफिक्र हो जाना चाहिए। यह वायरस निरंतर नई किस्मों में विकसित हो रहा है और नए म्यूटेशन अख्तियार कर रहा है। वायरस के नए उभरते हुए वेरिएंट वैज्ञानिकों और वैक्सीन निर्माताओं के समक्ष नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं। मोडर्ना और फाइजर ने अपनी एमआरएनए आधारित वैक्सीन को अपडेट किया है जबकि नोवावैक्स की प्रोटीन आधारित वैक्सीन को एफडीए की मंजूरी मिल गई है। कुछ महीने पहले एस्ट्राजेनेका ने कुछ साइड इफेक्ट सामने आने के बाद अपनी वैक्सीन बाजार से वापस ले ली थी। इस समय उपलब्ध तमाम वैक्सीनें कोरोना वायरस के नए वेरिएंट और भविष्य के पेंडेमिक से निपटने में सक्षम नहीं हैं।

दरअसल, इन वैक्सीनों की सीमाओं को ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों ने एक समग्र वैक्सीन विकसित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। अमेरिका में आस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एससी 27 नामक एंटीबॉडी की पहचान की है, जो कोविड-19 वायरस के सभी ज्ञात वेरिएंट को बेअसर करने में सक्षम है। यह खोज एक यूनिवर्सल वैक्सीन विकास और बेहतर उपचार की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करती है। शोधकर्ताओं द्वारा खोजी गई एंटीबॉडी कोविड-19 के लिए




जिम्मेदार वायरस, सार्सकोव-2 के सभी ज्ञात वेरिएंट और विभिन्न जानवरों में पाए जाने वाले कई अन्य सार्स जैसे कोरोना वायरस को बेअसर करने में सक्षम है।

टेक्सास विश्वविद्यालय के नेतृत्व में विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं ने वायरस के खिलाफ हाइब्रिड इम्यूनिटी पर अध्ययन किया है। हाइब्रिड अथवा मिश्रित इम्यूनिटी उन लोगों में होती है जिन्हें वैक्सीन लग चुकी हो और साथ ही उनमें वायरस का हल्का संक्रमण भी हुआ हो। अध्ययन के दौरान अनुसंधान टीम ने एक मरीज से एससी 27 एंटीबॉडी की खोज की और उसे अलग किया। एंटीबॉडी प्रतिक्रिया पर कई वर्षों के शोध में विकसित तकनीक का उपयोग करते हुए शोधकर्ताओं ने एंटीबॉडी का सटीक आणविक अनुक्रम प्राप्त किया। इससे

**मुकुल व्यास**

भविष्य के उपचारों के लिए इस एंटीबॉडी को बड़े पैमाने पर बनाने का रास्ता खुल गया। इस अध्ययन में शामिल एक विज्ञानी जेसन लविंदर ने कहा, एससी 27 और भविष्य में इसके जैसी अन्य एंटीबॉडी की खोज से हमें वर्तमान और भविष्य के कोविड वेरिएंट के खिलाफ आबादी की बेहतर सुरक्षा करने में मदद मिलेगी। कोविड-19 की खोज के बाद चार साल के दौरान इस महामारी को पैदा करने वाले वायरस का तेजी से विकास हुआ है। इसके प्रत्येक नए वेरिएंट ने अलग-अलग विशेषताएं दर्शाई हैं जिनकी वजह से कई वेरिएंट टीकों और अन्य उपचारों के प्रति अधिक प्रतिरोधी हो गए हैं। सुरक्षात्मक एंटीबॉडी वायरस के एक हिस्से से बंधती है जिसे स्पाइक प्रोटीन कहा जाता है जो वायरस के शरीर में कोशिकाओं से जुड़ने और उन्हें संक्रमित करने के लिए एक एंकर पॉइंट के रूप में कार्य करता है। एंटीबॉडी स्पाइक प्रोटीन को अवरुद्ध करके, इस वायरस के संक्रमण को रोकती हैं। एससी 27 की खूबी यह है कि यह कई कोविड वेरिएंट में स्पाइक प्रोटीन की विभिन्न विशेषताओं को पहचान लेती है। यद्यपि महामारी का सबसे बुरा दौर बीत चुका है, फिर भी लोगों को वायरस से बचने और उसका इलाज करने में मदद करने के लिए नवीन समाधानों की आवश्यकता है। इस दिशा में नई एंटीबॉडी की खोज एक महत्वपूर्ण कदम है। एक अन्य अध्ययन में कोरोना वायरस के बारे में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। यह वायरस वन्य जीव प्रजातियों में व्यापक रूप से फैला हुआ है। एक नए शोध के अनुसार छह आम प्रजातियों में यह वायरस पाया गया है। इसके अलावा वायरस के पिछले संपर्क को इंगित करने वाली एंटीबॉडी पांच प्रजातियों में पाई गई, जिनमें अलग-अलग प्रजातियों में जोखिम की दर 40 से 60 प्रतिशत तक थी। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित वर्जीनिया टेक की रिसर्च के अनुसार जंगली जानवरों में आनुवंशिक निगरानी ने सार्स-कोव-2 की उपस्थिति की पुष्टि की। इस निगरानी ने वायरस के म्यूटेशन (आनुवंशिक परिवर्तन) की भी पुष्टि की जिनका संबंध उस समय मनुष्यों में प्रसारित होने वाले वेरिएंट से मिलती-जुलती किस्मों के साथ था। इससे वैज्ञानिकों की यह धारणा मजबूत हुई है कि मनुष्यों से जानवरों में इस वायरस का संचार हुआ है। वर्जीनिया टेक कैरिलियन (वीटीसी) के वैज्ञानिकों के अनुसार सार्सकोव-2 का सबसे अधिक संपर्क हाइकिंग वाले मार्गों और उच्च-यातायात वाले सार्वजनिक क्षेत्रों के आसपास के जानवरों में पाया गया। इससे पता चलता है कि यह वायरस मनुष्यों से वन्य जीवों में फैला। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष वन्य जीवों में सार्सकोव-2 के नए म्यूटेशन की पहचान और व्यापक निगरानी की आवश्यकता को उजागर करते हैं। ये म्यूटेशन अधिक हानिकारक और संक्रामक हो सकते हैं, जिससे वैक्सीन विकास के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने सार्सकोव-2 में मौजूद 'चाबियों' के साथ यही देखा जब वायरस ने ओपोसम और गिलहरी जैसी जंगली प्रजातियों में छलांग लगाई। वायरल प्रोटीन ने कम से कम दो म्यूटेशन प्राप्त किए। इस अध्ययन से जुड़ी एक वैज्ञानिक कार्ला फिंकेलस्टीन ने कहा, जब मनुष्य वन्य जीवों के संपर्क में होते हैं, तो वायरस उनसे वन्य जीवों में कूद सकता है। वायरस का लक्ष्य जीवित रहने के लिए अपना प्रसार करना है। वह अधिक से अधिक मनुष्यों को संक्रमित करना चाहता है, लेकिन टीकाकरण कई मनुष्यों की रक्षा करता है। इसलिए वायरस जानवरों की ओर मुड़ता है और नए मेजबानों में पनपने के लिए म्यूटेशन करता है।

## संपादकीय

# बाल अस्मिता की रक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर साबित किया कि उसे सुप्रीम क्यों कहा जाता है। सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए कोर्ट ने साफ कर दिया कि बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों को डाउनलोड करना, स्टोर करना, देखना व प्रसारित करना पॉक्सो व आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच के सदस्यों न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्र ने देश को साफ संदेश दे दिया कि बच्चों पर बने अश्लील कंटेंट की स्टोरेज करना, डिलीट न करना तथा इसकी शिकायत न करना, इस बात का संकेत है कि उसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। साथ ही मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द किया, जिसमें कहा गया था ऐसे कंटेंट को डाउनलोड करना, देखना अपराध नहीं है, जब तक कि इसे प्रसारित करने की नीयत न हो। शीर्ष अदालत ने उस फैसले को रद्द करके केस वापस सेशन कोर्ट को भेज दिया। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को हटाकर इसकी जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लोएटेटिव एवं एब्यूसिव मैटेरियल शब्द का प्रयोग किया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह अध्यादेश लाकर इसमें बदलाव करे। यहां तक कि अदालतें भी इस शब्द का प्रयोग न करें। साथ ही पॉक्सो एक्ट में इस शब्द को लेकर बदलाव किया जाए। कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में दलील दी कि नया शब्द ठीक से बताएगा कि यह महज अश्लील सामग्री ही नहीं है, बच्चे के साथ हुई वीभत्स घटना का एक रिकॉर्ड भी है। वह घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ है। या फिर ऐसे शोषण को वीडियो में दर्शाया गया है। अदालत ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यौन शोषण के बाद पीड़ित बच्चों के वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिये शोषण की शृंखला आगे चलती है। दुर्भाग्य से यह सामग्री इंटरनेट पर मौजूद रहती है। दरअसल, कोर्ट ने व्याख्या की कि ऐसी सामग्री से बच्चों का निरंतर भयादोहन किया जाता है। यह सामग्री लंबे समय तक बच्चों को नुकसान पहुंचाती है। जब इस तरह की सामग्री प्रसारित की जाती है तो पीड़ित बच्चे की मर्यादा का बार-बार उल्लंघन होता है। मौलिक अधिकारों का हनन होता है। समाज के एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमारी भूमिका ऐसी यौन कुंठित मानसिकता का प्रतिकार करने की होनी चाहिए। यह कृत्य समाज में नैतिक पतन की पराकाष्ठा को भी दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष सितंबर माह में केरल हाईकोर्ट ने भी अपने एक फैसले में अश्लील फोटो-वीडियो देखने को अपराध नहीं माना था। लेकिन इसे प्रसारित करने को गैरकानूनी माना था। इसी फैसले के आलोक में मद्रास हाईकोर्ट ने एक आरोपी को अपराधमुक्त किया था। इसके अलावा मोबाइल के आईएमईआई नंबर तथा टेलिकॉम प्रोवाइडर के सहयोग से आरोपी को तलाशा जा सकता है। निश्चय ही सुप्रीम कोर्ट की पहल सराहनीय है लेकिन इंटरनेट पर अश्लील सामग्री की भरमार को देखते हुए किशोरों को शिक्षित करके उन्हें परिपक्व व जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी प्रयास किया जाना चाहिए।

## शख्सियत — सतीश धवन

# महान वैज्ञानिक और कुशल शिक्षक



सतीश धवन एक भारतीय रॉकेट वैज्ञानिक हैं। देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान था। प्रोफेसर सतीश धवन एक महान वैज्ञानिक होने के साथ-साथ एक बेहतरीन इंसान और कुशल शिक्षक भी थे। उन्हें भारतीय प्रतिभा पर बहुत भरोसा था। विक्रम साराभाई के बाद सतीश धवन को देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई। उन्हें 'इसरो' का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया।

सतीश धवन का जन्म 25 सितंबर 1920 को श्रीनगर, कश्मीर में हुआ था। उनके पिता का नाम देवीदयाल धवन था, जो आज़ादी से पहले पंजाब में जज के रूप में काम करते थे। उनकी माता का नाम लक्ष्मी खोसला था। सतीश धवन ने 1938 में भौतिकी और गणित में विज्ञान स्नातक, 1941 में ब्रिटिश भारत (अब पाकिस्तान) के लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में मास्टर ऑफ आर्ट्स और 1945 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी की। 1944-45 तक एक वर्ष के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में व्यावहारिक प्रशिक्षण इंटर्नशिप की। उन्होंने 1947 में सरकारी छात्रवृत्ति पर मिनेसोटा विश्वविद्यालय, मिनियापोलिस से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। उन्होंने कैलिफोर्निया के पासाडेना में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी की। इसके बाद उन्होंने 1951 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से अपने सलाहकार हंस डब्ल्यू लीपमैन की देखरेख में गणित और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डबल पीएचडी पूरी की।

प्रोफेसर धवन ने भारतीय विज्ञान संस्थान में कई सकारात्मक बदलाव किये थे। उन्होंने अपने देश के साथ-साथ विदेशों से भी युवा प्रतिभाओं को संस्थान में शामिल किया। उन्होंने कई नए विभाग भी शुरू किए और छात्रों को विविध क्षेत्रों में शोध करने के लिए प्रेरित किया। सतीश धवन के प्रयासों से संचार उपग्रह इन्सैट, रिमोट सेंसिंग उपग्रह आईआरएस और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी का सपना साकार हुआ। 1966 में सतीश धवन को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म श्री मिला। 3 जनवरी 2003 को उनका निधन हो गया।

# भक्ति और निष्ठा परमात्मा की पसंद



मुझे नहीं पता कि वे इसे समझते हैं या नहीं, लेकिन वे सबसे धन्य लोग हैं क्योंकि ऐसे कई संत हैं जो आत्मसाक्षात्कारी थे। जो आत्मसाक्षात्कारी आत्माएं हैं और उन सभी ने जीवन की इस उच्च अवस्था का गीत और स्थान गाया है।

यह कहते हुए कि कृपया मुझे इस माया के सागर से पार ले चलो, यह (पांडुरंगा) श्री कृष्ण से अनुरोध कर रहा है - पांडुरंगा को महाराष्ट्र में श्री कृष्ण कहा जाता है (अस्पष्ट) इसके अलावा इसके बारे में एक बड़ी कहानी है लेकिन मैं आपको बाद में बताऊंगा। तो वह कहता है कि वह अनुरोध कर रहा है कि कृपया मुझे उस पार ले चलो और मैं यही चाहता था.. लेकिन जिस तरह से उसने इसे इतनी भक्ति, ईमानदारी और निष्ठा के साथ गाया। मैं जानती हूं कि इसने वास्तव में सभी कंपनों को उत्तेजित कर दिया है और आप वह सब महसूस कर रहे हैं। आप देखते हैं कि हम महाराष्ट्रवासी बहुत भाग्यशाली लोग हैं, कि हमारे पास ऐसे संत थे जो आत्मसाक्षात्कारी थे। वे चैतन्य के बारे में जानते थे। वे कंपन के बारे में जानते थे। वे उच्च जीवन के बारे में जानते थे और हर समय उन्होंने जो कुछ भी गाया है वह यह आशा है कि हर किसी को आत्मसाक्षात्कार मिलेगा, या उन्होंने आत्मसाक्षात्कार की उस स्थिति का वर्णन किया है। मेरा मतलब है कि मुझे कहना होगा कि महाराष्ट्रवासी सबसे भाग्यशाली लोग हैं। मुझे नहीं पता कि वे इसे समझते हैं या नहीं, लेकिन वे सबसे धन्य लोग हैं क्योंकि ऐसे कई संत हैं जो आत्मसाक्षात्कारी थे। जो आत्मसाक्षात्कारी आत्माएं हैं और उन सभी ने जीवन की इस उच्च अवस्था का गीत और स्थान गाया है। और इसे आप अभी देख सकते हैं। ये गाना भी यही कहता है कि मुझे इससे आगे जाने दो। लेकिन पश्चिम के इन सभी सहज योगियों को बधाई देते हुए मुझे एक बात अवश्य कहनी चाहिए कि उन्होंने इन चीजों के बारे में कभी नहीं सुना था, कभी नहीं। उन्हें इन चीज़ों के बारे में कभी पता नहीं चला। उन्हें कभी नहीं पता था कि इतनी खूबसूरत कोई दूसरी दुनिया भी है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने इसे स्वीकार किया है, जिस तरह से वे इसमें शामिल हुए हैं और जिस तरह से वे इस दिव्य संगीत का आनंद ले रहे हैं वह बहुत उल्लेखनीय है। उन्होंने कभी भी किसी भारतीय संगीत का अध्ययन नहीं किया है..उन्होंने पहले कभी कोई भारतीय संगीत नहीं सुना है, लेकिन जिस तरह से वे आनंद लेते हैं, वह चैतन्य के कारण है, ठीक है - क्योंकि भारतीय संगीत ओम से आता रहा है और इसीलिए क्योंकि आप आत्मा हैं आप ऐसा कर सकते हैं इसका आनंद लें।

आप देखिए, केवल एक आत्मा ही आत्मा के इस गीत की सराहना कर सकती है। और इसीलिए बिना भाषा समझे; बिना मतलब समझे; संगीत और उसकी जटिलताओं को समझे बिना, बस उसका आनंद ले रहे हैं। हमें यही करना है आनंद लेना है। आख़िर क्यों पाना है - सिर्फ आनंद लेने के लिए कुछ भी क्यों पाना है और इस चीज़ के लिए हमें धन्यवाद देना चाहिए। उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया है। उन्हें खुद ही अपना बोध हो गया है और वह उस चमत्कार के साथ गाते हैं और जब वह गाते हैं तो आप देखते हैं कि हमें तुरंत कंपन मिलता है। वह एकमात्र गायक है जिसे मैंने अब तक देखा है और जो इतना अच्छा है, और जो आपको चैतन्य के साथ एकजुट रखने में सक्षम है।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा — मोरारीदास प्रभुदास हरियानी : जन्म 25 सितंबर 1946 — जन्म

मोरारीदास प्रभुदास हरियानी जिन्हें मोरारी बापू के नाम से भी जाना जाता है, वे एक भारतीय आध्यात्मिक नेता और उपदेशक हैं। उनका जन्म 25 सितंबर 1946 में हुआ है। वे भारत और विदेशों के विभिन्न शहरों में रामचरितमानस पर अपने प्रवचनों के लिए जाने जाते हैं। प्रवाही परंपरा (बहती परंपरा) में विश्वास रखने वाले बापू 21वीं सदी में प्रगतिशील मानदंडों के लिए बोलते रहे हैं और उनका मानना है कि धार्मिक विश्वासों में कोई ठहराव नहीं होना चाहिए। बापू समय की आवश्यकता के आधार पर विभिन्न संभावित सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

# कर्म से छुटकारा पाना मुश्किल है

भगवान हमको दिखाई नहीं देता, इसलिए वह मूल्यवान है। अगर आपका लक्ष्य बड़ा हो और उस पर हंसने वाले कोई न हो; तो समझना की अभी आपका लक्ष्य बहुत छोटा है। इंसान मृत्यु से नहीं मरता, भय से मरता हैं। असफल होना गुनाह नहीं है; बल्कि सफलता के लिए उत्साह न होना गुनाह है। भाग जाना बहुत ही आसान है पर जाग जाना बहुत कठिन है। आप भागो मत बल्कि जागो। गणित ठीक से सिखा नहीं मगर इतना मालूम हैं कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। कर्म से छुटकारा पाना मुश्किल है। अपने विचारों



का दान करना सबसे बड़ा दान है। आनंद की अंतिम सीमा आंसू है। जगत को प्रभावित करना आसान है, जगत को प्रकाशित करना बहुत मुश्किल है। विश्व को आज करुणा की जरूरत है। हमारे अन्दर के लोह तत्व को मजबूत रखने के लिए तीन चीजें दी गई हैः संयम, तप और श्रम। झूठ बोलकर जीत जाने से बेहतर सच बोलकर हार जाना। जरूरी नहीं कि हर रिश्ते का अंत लड़ाई ही हो, कुछ रिश्ते किसी के ख़ुशी के लिए भी छोड़ने पड़ते हैं। कभी किसी दूसरे की तरह बनने की कोशिश मत करो। हर व्यक्ति की अपनी अपनी पहचान होती हैं।

## प्रेरक प्रसंग

# मां एक शिक्षक होती है

एक बार की बात है। ईश्वर चंद्र विद्यासागर अपनी घर के दरवाजे पर खड़े हुए थे। एक भिखारी को देख रहे थे, जो कि घरों-घरों में भीख मांग रहा था। उन्हें यह देखकर बहुत ही बुरा लगा, उस भिखारी पर उनको बहुत दया आ रही थी। वे दौड़ते हुए अपनी मां के पास गए हैं और मां से कहां, "मां मुझे उस भिखारी को कुछ देना है। कृपया मुझे कुछ दीजिए, जिससे कि मैं उस भिखारी की मदद कर सकूं।"

मां सोने के कंगन पहनी हुई थी। उन्होंने अपने सोने के कंगन उतार कर उसको दे दीये और कहा इसे बेचकर तुम



जरूरतमंदों और भिखारियों की मदद करो। जब तुम बड़े हो जाओगे तब मुझे ऐसे ही सोने के कंगन बनवा देना। ईश्वर चंद्र विद्यासागर उसे बेचकर उस भिखारी और जरूरतमंदों की मदद की। जब ईश्वर चंद विद्या सागर बड़े हुए तो उन्होंने अपनी पहली कमाई से अपनी मां के लिए सोने के कंगन बनवाया और अपनी मां को दिया और कहा मां मैने आपका कर्ज उतार दिया है, जो मैंने बचपन में लिया था।

मां ने कहा बेटा मेरा कर्ज तो तब उतरेगा जब किसी दूसरे जरूरतमंद की जरूरत के लिए मुझे यह कंगन नहीं देने होंगे। ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समझ में आ गया। मां द्वारा कही गयी बात। यह बात उनके दिल को छू गई और उन्होंने अपने जीवन में प्रण किया कि मैं हमेशा गरीब और जरूरतमंदों की मदद करूंगा। मैं अपना पूरा जीवन और अपना पूरे जीवन की कमाई हुई पूंजी को जरूरतमंदों को दे दूंगा।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# आत्मा को मोक्ष मिलने का संदर्भ

वाल्मिकी रामायण में सीता माता द्वारा पिंडदान देकर राजा दशरथ की आत्मा को मोक्ष मिलने का संदर्भ आता है। वनवास के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता पितृ पक्ष के वक़्त श्राद्ध करने के लिए गया धाम पहुंचे वहाँ ब्राह्मण द्वारा बताए श्राद्ध कर्म के लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु श्री राम और लक्ष्मण नगर की ओर चल दिए। ब्राह्मण देव ने माता सीता को आग्रह किया कि पिंडदान का कुतप समय निकलता जा रहा है। यह सुनकर सीता जी की व्यग्रता भी बढ़ती जा रही थी क्योंकि, श्री राम और लक्ष्मण अभी नहीं लौटे थे। इसी उपरांत दशरथ जी की आत्मा ने उन्हें आभास कराया की पिंड दान का वक़्त बीता जा रहा है

यह जानकर माता सीता असमंजस में पड़ गई। तब माता सीता ने समय के महत्व को समझते हुए यह निर्णय लिया कि वह स्वयं अपने ससुर राजा दशरथ का पिंडदान करेंगी।

उन्होंने फल्गू नदी के साथ साथ वहाँ उपसथित वटवृक्ष, कौआ, तुलसी, ब्राह्मण और गाय को साक्षी मानकर स्वर्गीय राजा





दशरथ का का पिंडदान पुरी विधि विधान के साथ किया।

इस क्रिया के उपरांत जैसे ही उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना की तो राजा दशरथ ने माता सीता का पिंड दान स्वीकार किया। माता सीता को इस बात से प्रफुल्लित हुई कि उनकी पूजा दशरथ जी ने स्वीकार कर ली है। पर वह यह भी जानती थी कि प्रभु राम इस बात को नहीं मानेंगे क्योंकि पिंड दान पुत्र के बिना नहीं हो सकता है,

थोड़ी देर बाद भगवान राम और लक्ष्मण सामग्री लेकर आए और पिंड दान के विषय में पूछा तब माता सीता ने कहा कि समय निकल जाने के कारण मैंने स्वयं पिंडदान कर दिया।

प्रभु राम को इस बात का विश्वास नहीं हो रहा था कि बिना पुत्र और बिना सामग्री के पिंडदान कैसे संपन्न और स्वीकार हो सकता है, तब सीता जी ने कहा कि वहाँ उपस्थित फल्गू नदी, तुलसी, कौआ, गाय, वटवृक्ष और ब्राह्मण उनके द्वारा किए गए श्राद्धकर्म की गवाही दे सकते हैं। भगवान राम ने जब इन सब से पिंडदान किये जाने की बात सच है या नहीं यह पूछा, तब फल्गू नदी, गाय, कौआ, तुलसी और ब्राह्मण पांचों ने प्रभु राम का क्रोध देखकर झूठ बोल दिया कि माता सीता ने कोई पिंडदान नहीं किया।

सिर्फ वटवृक्ष ने सत्य कहा कि माता सीता ने सबको साक्षी रखकर विधि पूर्वक राजा दशरथ का पिंड दान किया

पांचों साक्षी द्वारा झूठ बोलने पर माता सीता ने क्रोधित होकर उन्हें आजीवन श्राप दिया। फल्गू नदी को श्राप दिया कि वोह सिर्फ नाम की नदी रहेगी, उसमें पानी नहीं रहेगा। इसी कारण फल्गू नदी आज भी गया में सूखी है। गाय को श्राप दिया कि गाय पूजनीय होकर भी सिर्फ उसके पिछले हिस्से की पूजा की जाएगी और गाय को खाने के लिए दर बदर भटकना पड़ेगा आज भी हिन्दू धर्म में गाय के सिर्फ पिछले हिस्से की पूजा की जाती है।




**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# अपने प्यारे कुत्ते के साथ बिस्तर शेयर करना है पसंद

◆जान लें सेहत से जुड़ी कुछ जरूरी बातें



अपने कुत्ते के साथ बिस्तर पर सोना एक आरामदायक और सुकून देने वाला अनुभव हो सकता है, जो गर्मजोशी और भावनात्मक समर्थन प्रदान करता है। बहुत से लोग रात में अपने प्यारे दोस्तों के साथ सोना पसंद करते हैं, उन्हें यह आराम और सुरक्षा के लिए फायदेमंद लगता है। हालांकि, विशेषज्ञों की इस अभ्यास पर मिली-जुली राय है। जबकि कुछ लोग इसे बंधन को मजबूत करने और चिंता को कम करने के तरीके के रूप में देखते हैं, अन्य लोग नींद में खलल, एलर्जी और स्वच्छता के बारे में चिंता जताते हैं। लाभ और नुकसान दोनों को समझने से आपको अपने और अपने पालतू जानवर के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनने में मदद मिल सकती है।

## अपने कुत्ते के साथ सोने के लाभ

**आराम और गर्मी :** कुत्ते गर्मी प्रदान करते हैं और आपको आरामदायक महसूस करा सकते हैं। बहुत से लोग पाते हैं कि अपने कुत्ते को बिस्तर पर रखने से उन्हें अधिक आराम और सहजता महसूस होती है।

**भावनात्मक समर्थन :** कुत्ते भावनात्मक समर्थन प्रदान करने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। वे अकेलेपन और चिंता की भावनाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे नींद अधिक आरामदायक हो जाती है।

**संबंध :** एक बिस्तर साझा करना आपके और आपके कुत्ते के बीच के बंधन को मजबूत कर सकता है। यह निकटता की भावना पैदा करता है और एक मजबूत, प्रेमपूर्ण संबंध बनाने में मदद करता है।

**सुरक्षा :** कुछ लोगों के लिए, बिस्तर पर कुत्ते का होना उन्हें सुरक्षित महसूस करा सकता है। कुत्तों में सुनने की तीव्र क्षमता होती है और वे आपको किसी भी असामान्य आवाज़ या गतिविधि के बारे में सचेत कर सकते हैं।

## संभावित कमियां

**नींद में खलल :** कुत्ते रात के दौरान इधर-उधर घूम सकते हैं या अपनी हरकतें बदल सकते हैं, जिससे आपकी नींद में खलल पड़ सकता है। अगर आपका कुत्ता बेचैन है, तो वह आपको कई बार जगा सकता है।

**एलर्जी :** अगर आपको एलर्जी है, तो कुत्ते के साथ सोने से यह और भी बदतर हो सकता है। पालतू जानवरों की रूसी (त्वचा के छोटे-छोटे गुच्छे) एलर्जी प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर कर सकती है और सांस लेने में समस्या पैदा कर सकती है।

**स्वच्छता :** कुत्ते आपके बिस्तर में गंदगी, पिस्सू और अन्य बाहरी तत्व ला सकते हैं। नियमित रूप से संवारना और सफाई करना मददगार हो सकता है, लेकिन इस पर विचार करना जरूरी है।

**व्यवहार संबंधी समस्याएं :** कुछ कुत्तों के लिए, बिस्तर पर सोने से व्यवहार संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जैसे प्रभुत्व संबंधी समस्या या अलगाव की चिंता।

## विशेषज्ञों की राय

**पशु चिकित्सा :** कुछ पशु चिकित्सक मानते हैं कि कुत्तों के साथ सोना तब तक ठीक है जब तक कि कुत्ता स्वस्थ और अच्छा व्यवहार वाला हो। वे नियमित रूप से संवारने और यह सुनिश्चित करने की सलाह देते हैं कि आपके कुत्ते में परजीवी न हों।

**नींद विशेषज्ञ :** नींद विशेषज्ञ अक्सर चेतावनी देते हैं कि कुत्ते आपकी नींद के पैटर्न को बाधित कर सकते हैं, खासकर अगर वे इधर-उधर घूमते हैं या खर्राटे लेते हैं। वे सुझाव देते हैं कि अगर आपको नींद संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो अपने कुत्ते को अलग बिस्तर पर सुलाने पर विचार करना उचित हो सकता है।

**मनोवैज्ञानिक :** मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जो लोग अपने कुत्तों के साथ सोने में सहज महसूस करते हैं, उनके लिए यह भावनात्मक रूप से फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, वे सलाह देते हैं कि अगर कुत्ते की मौजूदगी से नींद में खलल पड़ता है, तो अलग से सोने की व्यवस्था करना बेहतर हो सकता है।

# चाय बनाएं हेल्दी ताजगी मिलेगी जल्दी



घर पर हेल्दी चाय बनाना आसान है और यह आपके शरीर और दिमाग के लिए कई तरह के फायदेमंद है। जड़ी-बूटियों, मसालों और फलों जैसी सरल सामग्री का उपयोग करके आप कई तरह की चाय बना सकते हैं। यहाँ बताया गया है कि आप कैसे एक बेसिक हेल्दी चाय बना सकते हैं और इसके फायदों के बारे में जान सकते हैं।

## हेल्दी चाय को कैसे तैयार करें?

हेल्दी चाय बनाने के लिए, 1 कप पानी उबालें। इसमें 1 चम्मच कसा हुआ अदरक डालें और 3-5 मिनट तक उबालें। आंच बंद कर दें, फिर ग्रीन टी बैग या पुदीने की पत्तियां डालें। इसमें 1 चम्मच नींबू का रस निचोड़ें और अगर आप चाहें तो शहद भी मिलाएं। छान लें और अपनी हेल्दी चाय का गर्मागर्म आनंद लें!

### स्वस्थ चाय के लाभ:

**प्रतिरक्षा बढ़ाता है :** अदरक, नींबू और शहद का संयोजन इस चाय को आपके प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाने के लिए बेहतरीन बनाता है। नींबू विटामिन सी प्रदान करता है, और अदरक संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

**पाचन में सहायता करता है :** अदरक और पुदीना पाचन में मदद करने के लिए जाने जाते हैं। वे पेट की परेशानी को कम कर सकते हैं, गैस को कम कर सकते हैं और समग्र पाचन में सुधार कर सकते हैं।

**वजन घटाने को बढ़ावा देता है :** ग्रीन टी वसा को जलाने और चयापचय में सुधार करने में मदद करती है। इसे नियमित रूप से पीने से स्वस्थ आहार के साथ वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

**त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करता है :** ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और नींबू से मिलने वाला विटामिन सी आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ये तत्व मुक्त कणों से लड़ते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**सूजन कम करता है :** अदरक सूजनरोधी है, जिसका मतलब है कि यह शरीर में सूजन और दर्द को कम करने में मदद करता है। यह गठिया या मांसपेशियों में दर्द वाले लोगों के लिए विशेष रूप से सहायक है।

**तनाव दूर करता है :** गर्म चाय पीने से आपको आराम मिलता है और तनाव कम होता है। प्राकृतिक तत्व दिमाग को शांत करने में भी मदद करते हैं।

# लहसुन के तेल के हैं कई अचूक फायदे



लहसुन का तेल लहसुन से बना एक प्राकृतिक तेल है, जिसका उपयोग हजारों सालों से खाना पकाने और दवा में किया जाता रहा है। यह अपने तीखे स्वाद और गंध के लिए जाना जाता है, लेकिन यह कई स्वास्थ्य लाभों से भी भरा हुआ है। लोग अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने, हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने और पाचन में मदद करने के लिए लहसुन के तेल का उपयोग करते हैं। इसमें जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण भी होते हैं, जो इसे संक्रमण से लड़ने के लिए उपयोगी बनाते हैं। लहसुन का तेल आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कई सामान्य समस्याओं को रोकने का एक आसान और प्राकृतिक तरीका है।

## कैसे तैयार करें

लहसुन का तेल बनाने के लिए, 8-10 लहसुन की कलियों को कुचलकर आधा कप जैतून के तेल में मिलाएं। मिश्रण को धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक गर्म करें, फिर ठंडा होने दें। लहसुन को छान लें और तेल को एक साफ बोतल में भरकर रख लें। ताज़गी के लिए इसे फ्रिज में रखें।

लहसुन के तेल का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है :

**खाना पकाने के लिए :** स्वाद के लिए सॉस, सूप या स्टिर-फ्राई में कुछ बूंदें डालें।

**त्वचा के लिए :** संक्रमण या मुंहासे होने पर प्रभावित क्षेत्रों पर हल्के से लगाएं।

**जुकाम के लिए :** छाती पर थोड़ी मात्रा में मलें या वायु मार्ग को साफ करने के लिए भाप लें।

## इसके फायदे

**1. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है**

लहसुन का तेल आपके शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद करने के लिए जाना जाता है। यह आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर सकता है, जिससे सर्दी, फ्लू और अन्य संक्रमणों से बचना आसान हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लहसुन में एंटीऑक्सीडेंटऱ नामक कुछ होता है जो आपकी कोशिकाओं की रक्षा करता है।

**2. हार्ट को रखे हेल्दी**

लहसुन का तेल रक्तचाप को कम करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। जब आपका रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल अधिक होता है, तो आपके हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। लहसुन का तेल रक्त वाहिकाओं को आराम देने और रक्त प्रवाह को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे आपका हृदय स्वस्थ रहता है।

# टिप्स जो आंखों की थकान को करेंगे चुटकियों में दूर



आंखों में तनाव एक आम समस्या है, खासकर अगर आप स्क्रीन पर बहुत समय बिताते हैं। इससे आपकी आंखें थकी हुई और असहज महसूस कर सकती हैं। आंखों में तनाव को रोकने के लिए, ब्रेक लेना, अपनी स्क्रीन सेटिंग को एडजस्ट करना, अच्छी रोशनी का इस्तेमाल करना और आंखों की अच्छी देखभाल करना जरूरी है। नियमित रूप से आंखों की जांच भी मददगार होती है। इन आसान सुझावों का पालन करके, आप स्क्रीन पर बहुत ज्यादा समय बिताने के बावजूद भी अपनी आंखों को स्वस्थ और आरामदायक रख सकते हैं।

### ● 20-20-20 नियम का पालन करें

आँखों की थकान को रोकने का एक प्रभावी तरीका 20-20-20 नियम का पालन करना है। हर 20 मिनट में, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी चीज़ को देखें। यह सरल अभ्यास आपकी आँखों को आराम देता है और लंबे समय तक स्क्रीन पर घूरने से होने वाले तनाव को कम करता है। नियमित ब्रेक लेने से थकान कम होती है और आँखों को आराम मिलता है।

### ●स्क्रीन सेटिंग को एडजस्ट करें

सुनिश्चित करें कि आपके कंप्यूटर या फ़ोन की स्क्रीन ठीक से समायोजित है। चमक आपकी आँखों के लिए आरामदायक होनी चाहिए - न तो बहुत ज्यादा और न ही बहुत कम। चमक को कम करने और पढ़ने को आसान बनाने के लिए टेक्स्ट का आकार और कंट्रास्ट समायोजित करें। कई डिवाइस में बिल्ट-इन सेटिंग होती हैं जो नीली रोशनी के संपर्क को कम कर सकती हैं, जो आँखों की थकान में योगदान करने के लिए जानी जाती है। इन सेटिंग का उपयोग करने से आपकी सुविधा में सुधार करने में भी मदद मिल सकती है।

### ● उचित प्रकाश व्यवस्था बनाए रखें

आंखों की थकान को रोकने के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था आवश्यक है। कम रोशनी में या तेज़ ओवरहेड लाइट के साथ काम करने से बचें जो चमक पैदा करती हैं। इसके बजाय, अपने कार्य क्षेत्र को रोशन करने के लिए समायोज्य चमक वाले डेस्क लैंप का उपयोग करें। लैंप को इस तरह रखें कि यह आपकी स्क्रीन पर छाया और चमक को कम करे। आदर्श रूप से, आपका प्रकाश स्रोत आपके पीछे से आना चाहिए, न कि सीधे आपकी स्क्रीन के सामने या ऊपर से।

### ● अच्छी आंखों की स्वच्छता का अभ्यास करें

आंखों की थकान को रोकने के लिए अच्छी आंखों की स्वच्छता महत्वपूर्ण है। अपनी आंखों को नम रखने और सूखापन से बचने के लिए नियमित रूप से पलकें झपकाना सुनिश्चित करें। यदि आप कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि वे साफ और ठीक से फिट हों। यदि आपको सूखापन या जलन महसूस हो तो कृत्रिम आँसू का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त, गंदे या धुंधले स्क्रीन पर फोकस करने की कोशिश करने से अतिरिक्त तनाव से बचने के लिए अपनी स्क्रीन को साफ और धूल से मुक्त रखें।

### ● नियमित रूप से आंखों की जांच करवाएं

आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और आंखों की थकान को रोकने के लिए नियमित रूप से आंखों की जांच करना महत्वपूर्ण है। इससे आंखों की बीमारियों का पता लगाने में मदद मिलती है।आंखों की कई बीमारियां जैसे ग्लूकोमा, मोतियाबिंद, और मैक्यूलर डिजनरेशन, शुरुआती चरणों में ही पकड़ी जा सकती हैं। इन बीमारियों का इलाज शुरुआत में ही आसान होता है और इससे आंखों को होने वाले स्थायी नुकसान से बचा जा सकता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** - आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष** - व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें।

**मिथुन** - विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कर्क** - कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है।

**सिंह** - नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। प्रेमी साथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या** - शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें।

**तुला** - आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**वृश्चिक** - प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना रोग परेशानी बढ़ा सकता है।

**धनु** - दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें।

**मकर** - रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कुंभ** - व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी।

**मीन** - व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यश बढ़ेगा। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

# राहु का द्वादश भावों में फ़ल



**पंचम भाव** - संतान उत्पत्ति में बाधा, इसकी पत्नि का प्रथम गर्भपात भी हो सकता है. स्त्री के पेट में कोई रोग और स्वयं के पेट में भी कोई रोग हो सकता है. इसकी आत्मा कलुषित रहती है।


**षष्ठ भाव** - कमर में तकलीफ़, मामाओं को कष्ट, ननिहाल का बेडा गर्क कर देता है. वैसे यह शत्रुजित होता है. सोच में उतावलापन रहेगा यानि बिना विचारे काम करता है।

**सप्तम भाव** - क्रोधी और पत्नि से बैरभाव रखने वाला, पत्नी से सदा विरोध करेगा और इसी वजह से इसकी पत्नि कष्ट में रहती है। तलाक या मृत्यु तक की संभावना बन जाती है। द्विवाह के योग बना देता है।

**अष्टम भाव** - आयुष्य क्षय करता है। ज्यादा तर्क शक्ति या जिज्ञासा इसमे नहीं होती है इसी वजह से ये भाग्य भरोसे ज्यादा रहता है।

**नवम भाव** - तीर्थ यात्रा करता है, घुमक्कड होता है, पिता पुत्र से कम पटती है। यह जातक अन्य दशावशात कितना भी धर्मी कर्मी हो पर राहु दशा में पथ भ्रष्ट हो जाता है।

**दशम भाव** - फ़ालतू का घमंडी, विधवा स्त्रियों से संपर्क रखने वाला होता है। यह दुष्ट और मलीन लोगों से भी आमदनी अवश्य कर लेता है। कुछ लग्नों में यह राजयोग कारी भी हो जाता है जहां इसे पद प्रतिष्ठा मिल जाती है।



प्रियंका जैन
9769994439

**एकादश भाव** - जातक ज्यादा लोभी लालची नहीं होता। कन्या के बजाये पुत्र संतान की संभावना अधिक रहती है। बड़े भाई बहन, ताऊ चाचा बुआ इत्यादि से इसकी पटरी नहीं खायेगी या उनसे इसको कोई लाभ नहीं मिलेगा। जुआ सट्टा लाटरी शेयर मार्केट के धंधे में ज्यादा रूचि रखता है पर जरूरी नहीं की उनसे लाभ पा ही ले।

**द्वादश भाव** - इसकी सोच बढ़ी रहती है और क्रियात्मक शक्ति कम होती है। ज्यादातर योजनाएं ही बनाता रहेगा पर जरूरी नहीं कि उनको सोच के अनुसार क्रियान्वित कर ही ले। नेत्र रोगों की संभावना रहती है। नींद बहुत कम आती है सारी रात तारे गिन कर निकालता रहेगा।

दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### ढाबों-रेस्टोरेंटों को लेकर CM योगी का सख्त आदेश, होगा वेरिफिकेशन

**लखनऊ।** खाने-पीने की चीजों में थूकने, यूरिन मिलाने की घटनाओं के बीच यूपी में ढाबा-रेस्तरां को लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। सीएम योगी ने खाने-पीने की चीजों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि हर ढाबा और रेस्तरां पर मालिक और संचालकों के नाम लिखे जाएं। कर्मचारी मास्क लगाए और सीसीटीवी भी लगाया जाए। आधिकारियों को मॉनीटरिंग के निर्देश दिए हैं। प्रदेश भर में होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट की सघन जांच और वेरिफिकेशन कराया जाएगा।

### राजनीतिक दलों से जुड़े हैं जाली करेंसी गैंग के सदस्य

**कुशीनगर।** कुशीनगर पुलिस ने सोमवार को जाली नोट खपाने वाले बड़े गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने जाली नोट खपाने के वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। गैंग के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, जाली नोट बदल कर जुटाए गए 1.10 लाख रुपये नकद, नेपाली मुद्रा, 8 लैपटॉप, 26 सिम कार्ड, दस तमंचे, कई फायरशुदा व जिंदा कारतूस, चार सुतली बम और दो लग्जरी गाड़ियां बरामद की गयी हैं।

### एसकेएमयू के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल संतोष गंगवार



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह दुमका के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार मौजूद थे। इस दीक्षांत समारोह में यूजी व पीजी के 63 टॉपर्स को गोल्ड मेडल सहित सहित 139 को उपाधि प्रदान की गयी। इनमें 76 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। कुलाधिपति सह राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में उपाधि प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# दशहरा से पहले यूपी की सड़कें होंगी गड्ढामुक्त

- सीएम योगी की अफसरों संग बैठक, दिए सख्त निर्देश

एजेंसी । लखनऊ

आने वाले त्योहारों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए सीएम योगी ने अफसरों को निर्देश दिया है। दशहरा से पहले 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाने को कहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से यह भी कहा कि जब तक राजमार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण न हो जाए, तब तक 'टोल टैक्स' की वसूली नहीं की जाए। मंगलवार को सीएम योगी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

### सड़कों की मरम्मत का भी निर्देश





सीएम योगी ने निर्देश दिया कि शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि त्योहारों के दृष्टिगत प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है और बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। उन्होंने कहा कि हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता के साथ सड़कों की मरम्मत का निर्देश भी दिया।

### 'किसान सड़कों के सबसे बड़े उपभोक्ता '

मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों के सबसे बड़ा उपभोक्ता हैं और उनकी सुविधाओं का खास ध्यान रखा जाए। बयान के अनुसार योगी ने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि जब तक राजमार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली नहीं की जाए।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है और आवश्यकता इस बात की है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सड़क बनाने वाली एजेंसी या ठेकेदार सड़क बनने के बाद अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। उन्होंने जोर दिया कि इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन तथा पाइपलाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सांसद तथा विधायक निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्राम सचिवालयों की अवधारणा को केंद्र सरकार ने मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों को अपग्रेड किया जाए।

वाराणसी में दर्दनाक हादसा

# गड्ढे में फंसकर गिरी बालिका, तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला

**वाराणसी।** वाराणसी जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के भटौली गांव में एक ओवरलोड ट्रक ने मंगलवार को कक्षा 7 की छात्रा को कुचल दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और भटौली-हथियार मार्ग पर जाम लगा दिया। इस दौरान सिविल ड्रेस में पहुंचे हरहुआ पुलिस चौकी के एक कांस्टेबल को भी ग्रामीणों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। ग्रामीणों ने कांस्टेबल की पिटाई कर दी। उसके बाद थानाध्यक्ष बड़ागांव अजय पांडेय, चौकी प्रभारी हरहुआ शिवानंद सिसोदिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। उसके बाद बालिका का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### यह है मामला



जानकारी के अनुसार बड़ागांव थाना क्षेत्र के बेरवां गांव निवासी चंद्रमा प्रसाद की पुत्री मंदिरा राव उर्फ पलक (12) कम्पोजिट विद्यालय भटौली में कक्षा सात की छात्रा थी। मंगलवार को वह पढ़ने के लिए स्कूल गई थी और मध्यावकाश के समय दवा खाने के लिए स्कूल से घर के लिए निकली थी। घर लौटते समय भटौली-हथियार मार्ग पर विपरीत दिशा से एक ट्रक आता दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छात्रा साइकिल लेकर सड़क किनारे पर गई। इसी दौरान उसका पैर सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में चला गया, जिससे वह गिर गई। जिसके बाद ट्रक चालक उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गया।

### सिपाही की पिटाई

इसी दौरान सूचना मिलने के बाद हरहुआ पुलिस चौकी का एक सिपाही सिविल ड्रेस में वहां पहुंचा। ग्रामीण कुछ समझ नहीं पाए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और बालिका का शव पुलिस को सौंपने से इनकार कर दिया। परिजनों की मांग थी कि ट्रक चालक और मालिक को पकड़ा जाए और उचित मुआवजा दिया जाए। पुलिस और गांव के लोगों द्वारा उचित मुआवजा और कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। मृतका एक भाई और दो बहनों में सबसे छोटी थी और उसके पिता मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि ओवरलोड ट्रक गांव के रास्ते पर कैसे आ गया। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढे को लेकर भी लोग नाराज दिखे। हालांकि एक घंटे बाद पुलिस द्वारा समझाने के बाद परिजन शांत हुए। बालिका के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस बारे में स्कूल के प्रधानाध्यापक गुलाब चंद ने बताया कि बालिका स्कूल में पढ़ने आई थी और दवा खाने की बात कह कर मध्यावकाश में अपने घर गई थी।

# टाटानगर रेलवे स्टेशन बनेगा वर्ल्ड क्लास



**टाटानगर।** झारखंड में कई स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने पर भारतीय रेलवे काम कर रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले टाटानगर रेलवे स्टेशन को भी वर्ल्ड क्लास बनाया जाएगा। इस स्टेशन पर कितने प्लेटफॉर्म होंगे। स्टेशन के डेवलपमेंट की राह में आने वाली तमाम बाधाओं को दूर कर लिया गया है। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाई जाएगी। यात्री सुविधाओं में भी इजाफा किया जाएगा।

### चक्रधरपुर मंडल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है टाटानगर

टाटानगर रेलवे स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहां से वंदे भारत समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनें चलती हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इसमें अफसरों को जरूरी निर्देश दिए गए। बताया गया कि किस सड़क को बंद करना है। कहां-कहां विकास कार्य किए जाएंगे।

# कंटेनर ने बोलेरो को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत




**जोधपुर।** बालेसर में जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे संख्या 125 पर मंगलवार को एक कंटेनर ने बोलेरो कैंपर को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें जोधपुर के एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक घायल का इलाज चल रहा है। मामले की सूचना पर बालेसर थाना प्रभारी नरपत दान चारण जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों वाहनों को कब्जे में लिया। बालेसर थाने के हैड कॉन्स्टेबल भियाराम चौधरी ने बताया कि मंगलवार सुबह चार बजे के आस-पास एक कंटेनर जैसलमेर से जोधपुर की तरफ जा रहा था। बालेसर के पास 38 मील की सरहद में सामने से जोधपुर से फलोदी की तरफ जा रही एक बोलेरो कैंपर आई। जिसे कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी।

# झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी

- 2.59 करोड़ लोग करेंगे वोट

एजेंसी । रांची



भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी कर ली है। राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं उनकी टीम ने 2 दिन तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। राजनीतिक दलों की मांगों और आपत्तियों को सुना। फिर सरकार के आला अधिकारियों और चुनाव के दौरान काम करने वाली प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की। उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### झारखंड में 1.31 करोड़ पुरुष और 1.28 करोड़ महिला मतदाता

मंगलवार को 2 दिन की यात्रा पूरी करने के बाद निर्वाचन आयोग की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। इसमें बताया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 2 . 59 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। 20 सितंबर 2024 तक झारखंड में इतने वोटर हैं। इसमें 1. 31 करोड़ पुरुष और 1. 28 करोड़ महिला मतदाता हैं। 85 साल से अधिक उम्र के 1. 14 लाख वोटर हैं, तो 450 ट्रांसजेंडर भी मतदाता सूची में शामिल हैं।

## व्यापार जगत

# ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार

- सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी
- सेंसेक्स पहली बार 85 हजार और निफ्टी 26 हजार के स्तर के पार पहुंचा

एजेंसी । लखनऊ

घरेलू शेयर बाजार आज ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने के बाद मुनाफा वसूली की वजह से सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ। इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 26 हजार अंक के ऊपर पहुंच गया। मुनाफा वसूली की वजह से दोनों सूचकांकों ने अपनी बढ़त गंवा दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।




### पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी

दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और आईटी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर रियल्टी, एफएमसीजी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार उठा पटक होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0 .21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0 .04 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### निवेशकों की संपत्ति में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी

शेयर बाजार में लगातार उतार चढ़ाव होने के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 476.16 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 473 .03 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 13 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### बीएसई में 4,076 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,076 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,932 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,045 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 99 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,477 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,168 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,309 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

### टॉप 5 लूजर्स और गेनर्स

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील 4 .25 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 3 .95 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2 .61 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.86 प्रतिशत और अडाणी इंटरप्राइजेज 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

### 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने ताशकंद पहुंचीं सीतारमण

**ताशकंद/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए उजबेकिस्तान के ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर ताशंकद पहुंचीं। ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीतारमण का स्वागत उज्बेकिस्तान में भारत की राजदूत सुश्री स्मिता पंत और उज्बेकिस्तान गणराज्य के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और आलोक बैंक के निदेशक ने किया।

# एम/एस नेवी मर्चेंट्स, डेनमार्क के लिए बहुउद्देश्यीय कार्गो जहाज (एमपीवी) का प्लेट कटिंग शुरू

**मुंबई।** नवरत्न डीपीएसयू, माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल)ने आज नवी मर्चेंट्स, डेनमार्क के लिए पहले बहुउद्देशीय कार्गो वेसल (एमपीवी) के लिए उत्पादन गतिविधि शुरू की। नवी मर्चेंट्स के सीईओ श्री साइमन क्रिस्टेंसन प्लेट कटिंग समारोह के मुख्य अतिथि थे। श्री साइमन और एमडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजीव सिंघल ने निदेशक (जहाज निर्माण), सीवीओ के साथ-साथ एमडीएल के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पहली स्टील प्लेट को काटने की शुरुआत की। एमडीएल ने कुल 6+ (4 वैकल्पिक) जहाजों के डिजाइन, निर्माण और वितरण के लिए नवी मर्चेंट्स, डेनमार्क के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 7500 डीडब्ल्यूटी है। इस परियोजना का




मूल्य 86.05 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग 700 करोड़ रुपये) है। प्रत्येक जहाज में एक हाइब्रिड प्रोपल्शन ड्राइव की सुविधा होगी, जो कड़े उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए बनाया गया है और इसे डीएनवी (डेट नोर्स्के वेरिटास) के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा।

जहाजों को आइस क्लास 1बी के रूप में डिजाइन किया जाएगा, जो सिंगल स्क्रू, कंट्रोलेबल पिच, मीडियम स्पीड के डीजल इंजन से सुसज्जित होंगे, और इसमें अप्रतिबंधित वैश्विक संचालन के लिए डीएनवी क्लास नोटेशन बैटरी (सुरक्षा) का अनुपालन करने के लिए विद्युत ऊर्जा भंडारण प्रणाली शामिल होगी। ये बहुमुखी जहाज ड्राई बल्क, प्रोजेक्ट कार्गो, कंटेनर, स्टील उत्पाद, सामान्य कार्गो (पैकेज्ड, पैलेटाइज्ड और बैग्ड सामान सहित), वन उत्पाद और खतरनाक कार्गो सहित कार्गो की एक विस्तृत श्रृंखला का परिवहन करने में सक्षम होंगे।

पहले जहाज की डिलीवरी अप्रैल 2026 में निर्धारित है। आज का प्लेट कटिंग समारोह इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए उत्पादन गतिविधियों की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है।

# जिग्रेश हिम्मतलाल दोशी को प्रदान की गई मानद डॉक्टरेट उपाधि

**मुंबई।** इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्डस (आईईए) के तत्वावधान में ओनररी डॉक्टरेट कन्वोकेशन और क्राउन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल चार्टर्ड इनको (यूएसए) के तत्वावधान में 2024- 25 और ९ वा इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्डस समारोह 23 सितंबर 2024 को मुंबई में आयोजित हुआ था। इसमें डॉक्टरेट इन सोशल वर्क की उपाधि जिग्नेश हिम्मतलाल दोशी को प्रदान की गई थी। क्राउन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ। रजत शर्मा के हस्ते यह उपाधि जिग्नेश




हिम्मतलाल दोशी को प्रदान की गई। 50 वर्षीय जिग्नेश हिम्मतलाल दोशी 1996 से सामाजिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। वह जीवन ज्योत कल्याण ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। ऑल इंडिया जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। जैन यूथ फाउंडेशन (जेवायएफ) के स्थापक ट्रस्टी हैं। मुंबई में कुछ महीने पूर्व आयोजित सहस्त्रावधान समारोह की कोर कमेटी के वे कन्वीनर थे। उनका धार्मिक, जीवदया, शैक्षिक, चिकित्सा सेवा क्षेत्र में योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। उनके पिछले 20 वर्ष से मेडिकल क्षेत्र हो या शिक्षा इसमें जरूरतमंद व्यक्तियों को उचित मार्गदर्शन द्वारा उनके कार्य में सहभागी बनकर जरूरतमंद लोगों की विशिष्ट सेवा के उपलक्ष में आईईए की मानद डायरेक्ट की उपाधि के समारोह में पूरे भारत से विशिष्ट महानुभाव उपस्थित रहे। अन्य विजेताओं में श्री पवन अरोड़ा (आईएएस) दत्तात्रेय पाटिल, अविनाश वी। राय, सुभाष चंद्रा, डॉ। उद्देश चास्कर, डॉ। महादेव साठे आदि का समावेश है।

# नए सचिव की नियुक्ति शीर्ष परिषद के एजेंडे का हिस्सा नहीं

▶▶ बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक से पहले यह शीर्ष परिषद की आखिरी बैठक होगी

▶▶ बायजू के साथ अक्तूबर 2022 से मार्च 2023 तक के बकाये के भुगतान पर है विवाद

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद बुधवार को बोर्ड के कामकाज से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा करेगी। हालांकि निवर्तमान सचिव जय शाह की जगह नए सचिव की नियुक्ति एजेंडे में शामिल नहीं है।



### एजीएम में सचिव के रूप में रहेंगे शाह

पांच दिन में बेंगलुरु में होने वाली बोर्ड की 93वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले यह शीर्ष परिषद की आखिरी बैठक होगी। शाह के आईसीसी चेयरमैन के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद नए सचिव की नियुक्ति जरूरी हो गई है। हालांकि वह आगामी एजीएम के दौरान बीसीसीआई सचिव के रूप में अपनी मौजूदा भूमिका से नहीं हटेंगे क्योंकि उन्हें एक दिसंबर से ही आईसीसी में नया पद संभालना है।

### एनसीए का उद्घाटन

बेंगलुरु के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के उद्घाटन पर भी चर्चा होगी। वर्तमान में एनसीए दो दशक से भी अधिक समय पहले अपनी स्थापना के बाद से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में कार्य करता है। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय के बाहरी हिस्से का नवीनीकरण कार्य शुरू करने और पूर्वोत्तर विकास परियोजना को मंजूरी देना भी एजेंडे का हिस्सा है।

### बायजू मामले पर भी चर्चा

नामांकन की प्रक्रिया पर चर्चा भी शीर्ष परिषद के एजेंडे में सूचीबद्ध आठ मदों का हिस्सा नहीं है जिसमें बायजू के मामले पर अपडेट शामिल है। बीसीसीआई का अपने पूर्व टाइटल प्रायोजक बायजू के साथ भुगतान निपटारे को लेकर विवाद है। इस संकटग्रस्त एडटेक फर्म ने पिछले साल मार्च में बीसीसीआई के साथ अपना प्रायोजन करार समाप्त कर दिया था। बायजू रवींद्रन द्वारा सह स्थापित इस बेंगलुरु स्थित कंपनी ने शुरुआत में मार्च 2019 में तीन साल के लिए जर्सी प्रायोजन करार किया था जिसे बाद में कथित तौर पर पांच करोड़ 50 लाख डॉलर की राशि के लिए एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया था। सितंबर 2022 तक भुगतान किया गया था लेकिन विवाद अक्तूबर 2022 से मार्च 2023 तक के बकाये के भुगतान को लेकर है।

## भारतीय टीम कानपुर पहुंची, आज से शुरू करेगी अभ्यास

**एजेंसी | कानपुर**

पहला टेस्ट मैच जीतकर बढ़े हुए मनोबल के साथ भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरू होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए मंगलवार को कानपुर पहुंच गए। सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में रैंकिंग मजबूत करने का कानपुर में अच्छा मौका होगा। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से



भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमान गिल, रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ। बाद में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी कानपुर पहुंच गए।

### अभ्यास आज से

दोनो टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। वहां क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीन पार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गई। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखाई दी।

## भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन में उपविजेता



**एजेंसी | नई दिल्ली**

युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी तीसरे खिताब से चूक गए। उन्हें चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से मंगलवार को 4-6, 6-4, 4-10 से हार का सामना करना पड़ा। लगभग डेढ़ घंटे के मैच में शुरुआती सेट गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीत मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते हैं। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाए लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ गया।

## मालोर्का ने रियाल बेटिस को 2-1 से हराया



**एजेंसी | सेविले (स्पेन)**

मालोर्का ने ला लिगा फुटबॉल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सोमवार को रियाल बेटिस को 2-1 से हरा दिया। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

## न्यूज ब्रीफ

### हारून लोर्गट अमेरिकी राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के आयुक्त बने

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्व सीईओ हारून लोर्गट को आयुक्त नियुक्त किया है। इस लीग का उद्देश्य अमेरिका में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाना है। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर लोर्गट 2008 से 2012 तक आईसीसी के सीईओ थे। उनके मार्गदर्शन में तीन विश्व कप का आयोजन हुआ और उन्होंने अंपायरों के फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस), भ्रष्टाचार विरोधी उपायों के विस्तार और एसोसिएट देशों में क्रिकेट के विकास जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टूर्नामेंट 4 से 14 अक्तूबर तक डलास विश्वविद्यालय में खेला जाएगा जहां प्रतिदिन लगभग चार हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है। लीग में हिस्सा लेने वाले दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, शाकिब अल हसन, रॉबिन उथप्पा, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, क्रिस लिन, एंजेलो मैथ्यूज, कोलिन मुनरो, सैम बिलिंग्स और मोहम्मद नबी शामिल हैं।

### पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता शटलरों को पुरस्कार देगा बाई

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई-बाई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा शटलरों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा शटलरों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे। पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। रजत विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य विजेता मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5) और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने मंगलवार को कहा, भारतीय पैरा शटलर विश्व मंच पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह पुरस्कार बीएआई का पैरालंपिक में देश को पदक जीतने में मदद करने के उनके प्रयासों को मान्यता देने का एक तरीका है।

## पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत : कमिंस

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतने के अभियान में बड़ा प्रभाव रहे थे। उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत पर जोर दिया। ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले 26 वर्षीय पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट में शानदार बांग्लादेश के खिलाफ शतक के साथ शानदार वापसी की है। कमिंस ने कहा, वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका पिछली कुछ सीरीज में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है। हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। रिवर्स और एक हाथ से फ्लिक जैसे अपने गैरपारंपरिक शॉट के लिए पहचाने जाने वाले पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट सीरीज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हर टीम में एक या दो ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो मैच का रुख बदल सकते हैं। आप जानते हैं, हमारे पास ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श जैसे खिलाड़ी हैं।



### नंबर गेम

▶▶ 624 रन बनाए पंत ने पिछली दो सीरीज में 12 पारियों में 62.40 की औसत से

▶▶ 159 रन का सर्वोच्च स्कोर इस दौरान इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने बनाया

▶▶ 9 साल से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है ऑस्ट्रेलियाई टीम

## ऑस्कर की दौड़ में शामिल हुई रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर'

इस साल कई फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ दर्शकों को बेहद पसंद आई तो कुछ को दर्शकों ने नकार दिया। छोटे बजट की जिन फिल्मों ने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का भी दिल जीत लिया, उनमें से एक 'लापता लेडीज' है, जिसे भारत की तरफ से ऑस्कर 2025 के लिए आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब खबर है कि अभिनेता रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' को भी ऑस्कर 2025 के लिए भेजा गया है।



### फिल्म के निर्माता ने यूं जताया आभार


फिल्म के निर्माता संदीप सिंह ने इंस्टाग्राम पर यह खबर साझा की है और इसे लेकर उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'सम्मानित और विनम्र, हमारी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' को आधिकारिक तौर पर ऑस्कर के लिए भेजा गया है। इसके लिए फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया का धन्यवाद। यह सफर शानदार रहा है और हम उन सभी के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने इस दौरान हमारा साथ दिया है।'

### इस फिल्म से निर्देशक बने रणदीप

इस फिल्म से रणदीप ने बतौर निर्देशक अपने करियर की शुरुआत की थी। सावरकर की भूमिका निभाकर रणदीप ने दर्शकों से जमकर वाहवाही भी लूटी थी। उधर अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने फिल्म में सावरकर की पत्नी यमुना बाई का किरदार निभाया था। उन्हें भी इसके लिए खूब बधाइयां मिल रही हैं। यह फिल्म 22 मार्च को हिंदी और मराठी 2 भाषाओं में रिलीज हुई थी। फिल्म को समीक्षकों ने खूब सराहा था। यह फिल्म ZEE5 पर देखी जा सकती है।

## तृप्ति डिमरी के अश्लील डांस पर भड़के लोग



रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' ने तृप्ति डिमरी को रातों-रात स्टार बना दिया। हालांकि, पर्दे पर उन्होंने अपनी मौजूदगी का अहसास तो 'लैला मजनू', 'बुलबुल' और 'कला' जैसी फिल्मों से भी कराया, लेकिन उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाने वाली फिल्म 'एनिमल' ही थी। इसके बाद इंडस्ट्री में तृप्ति की मांग बढ़ गई और उनकी फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। हालांकि, अब तृप्ति ने कुछ ऐसा कर दिया है, जिसके चलते लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं।


### कोरियोग्राफर को जेल में डालने की मांग

'मेरे महबूब' के एक स्टेप पर तृप्ति जमीन पर लेटकर अपने डांस मूव्स दिखा रही हैं। एक यजूर ने एक्स पर लिखा, 'तुम इतनी गिर गई?' एक ने लिखा, 'ऐसी कौन-सी मजबूरी आ गई थी?' एक लिखते हैं, 'कोरियोग्राफर को जेल में डाल देना चाहिए। वो क्या करवाना चाह रहा है।' दूसरे ने लिखा, 'हम देखने तक में शर्म आ रही।' एक लिखते हैं, श्बहुत वाहियात। क्या बकवास है? उसकी महिलाओं को लेकर क्या सोच होगी, जिसने ये स्टेप करवाया।'

### गाने के एक स्टेप पर तृप्ति के डांस से नाराज हुए लोग

तृप्ति जल्द ही फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आएंगी। फिल्म में उनकी जोड़ी राजकुमार राव के साथ बनी है। हाल ही में इस फिल्म का नया गाना 'मेरे महबूब' रिलीज हुआ। तृप्ति को लगा होगा कि इस डांस नंबर से उनकी प्रशंसकों की तादाद में इजाफा होगा, लेकिन उल्टा लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। लोग गाने का एक स्टेप देख तृप्ति के साथ-साथ कोरियोग्राफर गणेश आचार्य को भी खूब ट्रोल कर रहे हैं।

## राम चरण की 'गेम चेंजर' से जुड़ा बड़ा एलान



साउथ सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'गेम चेंजर' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। लगातार फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आ रही हैं। दर्शक बेसब्री से फिल्म में राम चरण और कियारा आडवाणी को एक साथ बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए अभिनेता ने निर्देशक एस शंकर से हाथ मिलाया है। फिल्म की शूटिंग काफी समय पहले शुरू हुई थी, जिसके कई शेड्यूल बने। वहीं अब फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। फिल्म को लेकर आने वाली जानकारियों का फैंस को भी बेसब्री से इंतजार है। वहीं, इस बीच फिल्म के संगीत निर्देशक थमन ने बड़ा अपडेट जारी किया है। हाल ही में फिल्म की रिलीज डेट को लेकर जानकारी सामने आई थी। अब दर्शकों को लगातार फिल्म की नई जानकारियां मिलेंगी, जिसकी सुचना थमन ने साझा की है। थमन ने बताया है कि कल यानी, 25 सितंबर को बड़ा अपडेट जारी किया जाएगा।

## बेचैन कर देगा 'द सिग्नेचर' का ट्रेलर

बुढ़ापे की दहलीज! उम्र का वह पड़ाव जिसके लिए इंसान आराम करने के सपने बुनता है। बच्चे अपनी जिम्मेदारियों में रमे होते हैं और बुजुर्ग एक-दूसरे की जिंदगी का सहारा बनते हैं। लेकिन, बुजुर्गावस्था की कुछ चुनौतियां भी हैं और कुछ कड़वे सच भी। फिल्म 'द सिग्नेचर' के ट्रेलर में इसकी झलक बखूबी नजर आई है। अनुपम खेर, महिमा चौधरी और रणवीर शौरी जैसे सितारों से सजी फिल्म 'द सिग्नेचर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भारतीय समाज में हर आम इंसान जिंदगी भर अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए बुढ़ापे में आराम करने की योजना बनाता है। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत भी कुछ इसी तरह हुई है। अनुपम खेर से उनकी पत्नी मधु (नीना कुलकर्णी) कहती हैं, 'जिंदगीभर जिम्मेदारियां निभाईं, अब लाइफ को थोड़ा एंजॉय करेंगे। 35 साल हो गए हमारी शादी को, एनिवर्सरी है, नजर न लगे'। जवाब मिलता है, '35 साल में नजर नहीं लगी तो अब क्या लगेगी'। लेकिन, नजर लग जाती है। मधु अस्पताल के बिस्तर पर पहुंचती हैं और पति (अनुपम खेर) के सामने कई हकीकतें खुलती हैं। इलाज का बेहिसाब खर्चा और उस पर भी डॉक्टरों की तरफ से जिंदगी की गारंटी नहीं...। बुजुर्गावस्था में संतान का रवैया किस तरह बदल सकता है, यह फिल्म में दिखाया है। मधु के इलाज में खर्च हो रहे बेहिसाब पैसे को उनका बेटा गिनवाता है और डॉक्टरों से आर्टिफिशियल उपचार बंद करने की भी कहता है। हकीकत अनुपम खेर के सामने आती है। फिल्म का ट्रेलर पूरी तरह समाज का सच है, ऐसा कह देना शायद सामान्यीकरण करना होगा। लेकिन, समाज के एक हिस्से का सच जरूर है।




## रितुपर्णा सेनगुप्ता और शर्मिला टैगोर की 'पुरातन' के नाम दो पुरस्कार



अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता और शर्मिला टैगोर की फिल्म 'पुरातन' ने हाल ही में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। इसी के साथ रितुपर्णा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। रितुपर्णा को 'डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल' में 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' और 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म' के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस सफलता के बाद, रितुपर्णा और शर्मिला टैगोर दोनों को एक विशेष स्क्रीनिंग के लिए 'इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन' में आमंत्रित किया गया, जहां शर्मिला टैगोर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। इस मौके पर शर्मिला टैगोर की बेटी सबा अली खान पटौदी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं और तीनों ने एक साथ कई विषयों पर चर्चा की। दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर 14 साल के बाद बंगाली सिनेमा में वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सुमन घोष निर्देशित बंगाली फिल्म 'पुरातन' में रितुपर्णा सेनगुप्ता के साथ अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म गहरे भावनात्मक विषयों पर आधारित है, जो मां-बेटी के बीच के मार्मिक रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म रितुपर्णा के बैनर 'भावना आज ओ कल' के तहत बनाई जा रही है। 'पुरातन' एक ऐसी फिल्म है जिसमें तीन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रितुपर्णा, शर्मिला और सुमन एक साथ काम कर रही हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## थोड़ी देर का योग भी कई घंटों की नींद के बराबर

**नई दिल्ली।** योग निद्रा, यानी होश में सोने की प्रक्रिया दिमाग को काफी सुकून देती है। एम्स दिल्ली, आईआईटी दिल्ली और महाजन इमेजिंग के एक संयुक्त अध्ययन में पता चला है कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटों की नींद के बराबर लाभदायक है। पहली बार, भारतीय शोधकर्ताओं ने इस प्राचीन अभ्यास को करने वाले लोगों का ब्रेन स्कैन किया। फंक्शनल एमआरआई के जरिए एक ऐसा ब्रेन स्कैन किया जो ब्लड सर्कुलेशन में बदलावों को ट्रैक करके ब्रेन की गतिविधि को मापता है। इसके जरिए यह समझने की कोशिश की गई कि योग निद्रा करने पर दिमाग का कैसे असर होता है। एम्स की न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉक्टर मंजरी त्रिपाठी ने बताया कि अनिद्रा यानी क्रॉनिक इन्सोम्निया से ग्रसित मरीजों के लिए योग निद्रा काफी फायदेमंद है। इससे ग्रसित 60 मरीजों पर चार साल तक चली स्टडी में यह बात सामने आई है कि योग निद्रा इस बीमारी को ठीक करने में मददगार है।

## उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार को दी गई सुरक्षा वापस लेना चाहता है केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल कर 2017 के उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों को दी गई केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा वापस लेने की मांग की है। शीर्ष अदालत ने केंद्र की याचिका पर पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों को नोटिस जारी का अपना-अपना पक्ष रखने को कहा है।

## एयर ट्रेन से जुड़ेंगे हवाईअड्डे के तीनों टर्मिनल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे पर एक से दूसरे टर्मिनल तक आने-जाने के लिए यात्रियों को एयर ट्रेन की सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन एयरोसिटी और कार्गो तक भी जाएगी। इसके लिए डायल की तरफ से टेंडर जारी किया गया है। वर्ष 2027 तक कार्य पूरा होना का लक्ष्य रखा गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल-2 और 3 एक जगह हैं, जबकि टर्मिनल-1 कुछ दूरी पर है। इन टर्मिनल के बीच सफर करने के लिए अभी यात्रियों को डीटीसी बस का इंतजार करना पड़ता है। दिल्ली एयरपोर्ट पर औसतन सात करोड़ से ज्यादा यात्री प्रत्येक वर्ष सफर करते हैं। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा 10 करोड़ से ज्यादा पहुंचने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट संचालन कंपनी डायल भविष्य की तैयारी कर रही है। तीनों टर्मिनल को आपस में जोड़ने के लिए डायल ने एयर ट्रेन चलाने का फैसला किया है।

## 1969 के बाद से सिक्किम में सबसे गर्म सितंबर

**गंगटोक/नई दिल्ली।** पहाड़ी स्थान सिक्किम में सितंबर के महीने में रिकॉर्ड गर्मी पड़ रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा राज्य में 1969 के बाद से यह सबसे गर्म सितंबर है। गंगटोक में सोमवार को 26.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। यह 1998 के बाद से सितंबर का सबसे अधिक तापमान है। तब सिक्किम का तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक था। हवा में नमी का स्तर 85 प्रतिशत दर्ज किया गया।

# 'सेक्स एजुकेशन वेस्टर्न कॉन्सेप्ट नहीं'

## भारत में इसकी शिक्षा बेहद जरूरी, इससे यूथ में अनैतिकता नहीं बढ़ती : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार, 24 सितंबर को कहा कि सेक्स एजुकेशन को वेस्टर्न कॉन्सेप्ट मानना गलत है। इससे युवाओं में अनैतिकता नहीं बढ़ती। इसलिए भारत में इसकी शिक्षा बेहद जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि लोगों का मानना है कि सेक्स एजुकेशन भारतीय मूल्यों के खिलाफ है। इसी वजह से कई राज्यों में यौन शिक्षा को बैन कर दिया गया है। इसी विरोध की वजह से युवाओं को सटीक जानकारी नहीं मिलती। फिर वे इंटरनेट का सहारा लेते हैं, जहां अक्सर भ्रामक जानकारी मिलती है। CJI डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना POCSO और IT एक्ट के तहत अपराध है। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई ऐसा कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि इसे प्रसारित करने की नीयत न हो।

### सुप्रीम कोर्ट के 4 बड़े स्टेटमेंट

- एक रिसर्च से पता चला है कि सही सेक्स एजुकेशन देना जरूरी है। महाराष्ट्र में 900 से ज्यादा किशोरों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन छात्रों को प्रजनन और यौन स्वास्थ्य की सही जानकारी नहीं थी। उनमें जल्दी यौन संबंध बनाने की संभावना ज्यादा थी।
- यह बहुत जरूरी है कि हम सेक्स एजुकेशन के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना शुरू करें। इसके फायदों के बारे में सभी को सही जानकारी दें, ताकि हम सेक्स हेल्थ के नतीजों को बेहतर बना सकें।
- बच्चों के खिलाफ अपराध सिर्फ यौन शोषण तक ही सीमित नहीं रहते हैं। उनके वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिए ये शोषण आगे भी चलता है। ये कंटेंट साइबर स्पेस में मौजूद रहते हैं, आसानी से किसी को भी मिल जाते हैं। ऐसे मटेरियल अनिश्चितकाल तक नुकसान पहुंचाते हैं। ये यौन शोषण पर ही खत्म नहीं होता है, जब-जब ये कंटेंट शेयर किया जाता है और देखा जाता है, तब-तब बच्चे की मर्यादा और अधिकारों का उल्लंघन होता है। हमें एक समाज के तौर पर गंभीरता से इस विषय पर विचार करना होगा।
- हम संसद को सुझाव देते हैं कि POCSO एक्ट में



बदलाव करें और इसके बाद चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल (CSEAM) का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। CSEAM शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो।

### केरल हाईकोर्ट ने भी मद्रास HC जैसा फैसला सुनाया था

केरल हाईकोर्ट ने 13 सितंबर 2023 को कहा था कि अगर कोई व्यक्ति अश्लील फोटो या वीडियो देख रहा है तो यह अपराध नहीं है, लेकिन अगर दूसरे को दिखा रहा है तो यह गैरकानूनी होगा। इसी फैसले के आधार पर मद्रास हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को एक आरोपी को दोषमुक्त कर दिया था।

### हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ SC पहुंचा था NGO

मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के बाद NGO जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस और नई दिल्ली के NGO बचपन बचाओ आंदोलन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 12 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस ने कहा था कि हाईकोर्ट का आदेश चाइल्ड पोर्नोग्राफी को बढ़ावा दे सकता है। फैसले से ऐसा लगेगा कि ऐसा कंटेंट डाउनलोड करने और रखने वाले लोगों पर मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

## युवाओं को कट्टर बनाने में दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र

**बेंगलुरु।** एनआईए ने दो लोगों के खिलाफ मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने, आतंकी फंडिंग और अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए मंगलवार को आरोपपत्र दाखिल किया। जांच एजेंसी ने कहा है कि दोनों की पहचान आईएसआईएस समर्थक अब्दुल मतीन अहमद ताहा उर्फ तहा और मुसाविर हुसैन शाजिब उर्फ शाजिब के रूप में हुई है। इनके खिलाफ एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल किया था। कर्नाटक के शिवमोगा जिले के ये दोनों इस मामले में सह-आरोपी सहित मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाने और आईएसआईएस में भर्ती करने में लिप्त थे। एनआईए ने बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ अपना तीसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इसके साथ ही मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है। एनआईए ने नवंबर 2022 में मामले को कर्नाटक पुलिस से लिया था।

# तिरुपति लड्डू विवाद पर दो अभिनेताओं में जुबानी जंग

**विजयवाड़ा।** तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावटी घी के आरोपों को लेकर मंगलवार को जुबानी जंग शुरू हो गई। इस मामले में उप मुख्यमंत्री और तेलुगु फिल्म स्टार पवन कल्याण ने प्रसिद्ध अभिनेता प्रकाश राज की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। कल्याण ने प्रकाश राज से सवाल किया कि अगर कोई गलती और अशुद्धिकरण होता है तो क्या मुझे उस पर बात नहीं करनी चाहिए? प्रकाश को इससे सबक सीखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म उद्योग और अन्य लोगों को इस मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहिए। कल्याण ने प्रसाद में मिलावट के आरोपों के बाद मंगलवार को कनक दुर्गा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान में हिस्सा



### आलोचकों को चेतावनी दी

कल्याण ने कहा कि फिल्म उद्योग और अन्य लोगों को इस मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहिए। मैं सनातन धर्म के बारे में बहुत गंभीर हूं। कई आलोचकों ने भगवान अयप्पा और देवी सरस्वती को निशाना बनाया है। सनातन धर्म सबसे महत्वपूर्ण है। हर हिंदू को इस संबंध में जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर अन्य धर्मों में भी इसी तरह के मुद्दे उठे, तो व्यापक आंदोलन होगा।

लिया। इस दौरान उन्होंने अपने ट्वीट के जवाब में प्रकाश राज की टिप्पणी पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि इस मामले से अभिनेता का क्या लेना-देना है। मैं हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार के बारे में बात कर रहा था। इसमें प्रकाश राज की क्या भूमिका है? क्या मैंने किसी धर्म का अपमान किया? क्या मैंने इस्लाम का अपमान किया? क्या मैंने ईसाई धर्म का अपमान किया? बता दें कि प्रकाश राज ने पिछले दिनों 'एक्स पर एक पोस्ट में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण को टैग करते हुए कहा था, प्रिय पवन कल्याण, यह उस राज्य में हुआ है, जहां के आप उपमुख्यमंत्री हैं। कृपया जांच करें। दोषियों का पता लगाएं और कड़ी कार्रवाई करें। आप आशंकाएं क्यों पैदा कर रहे हैं और इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर क्यों उछाल रहे हैं। हमारे देश में पहले ही काफी तनाव है।

### मंदिर की सीढ़ियों को साफ किया

प्रसाद में मिलावट के आरोपों को लेकर पवन कल्याण ने 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा के तहत मंदिर की सीढ़ियों को साफ किया और उनकी धुलाई की। इस दौरान पार्टी के नेता भी उनके साथ थे। कल्याण ने मंदिर में पत्रकारों से कहा कि मैं सनातन धर्म का दृढ़ता से पालन करता हूं और इसके लिए मरने को तैयार हूं। हम राम के भक्त हैं और अपने घरों में राम नाम का जाप करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मुस्लिम, ईसाई और पारसी जैसे सभी धर्मों को समान रूप से आदर किया जाता है। हालांकि, धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा एकतरफा नहीं हो सकती बल्कि यह दोतरफा मार्ग है जिसमें सभी धर्मों का सम्मान करना होगा।

### लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा

आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलाए जाने के आरोपों के बीच अब तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो भी जारी किया है। आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं।

# कर्नाटक CM सिद्धारमैया पर जमीन घोटाले का चलेगा केस

## हाईकोर्ट ने गवर्नर के आदेश को बरकरार रखा, सिद्धारमैया की याचिका खारिज

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन घोटाले से जुड़े मामले में केस चलेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने मंगलवार को कहा- 'याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।' राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 218



के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी थी। CM ने 19 अगस्त को इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है। एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि CM ने MUDA अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया। सिद्धारमैया की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और प्रो. रविवर्मा कुमार पेश हुए। राज्यपाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने अपनी दलीलें रखीं। मनिंदर सिंह, प्रभुलिंग के. नवदगी, लक्ष्मी अयंगर, रंगनाथ रेड्डी, के.जी. राघवन सहित अन्य ने शिकायतकर्ताओं की ओर से दलीलें पेश कीं।

### सिद्धारमैया बोले- सत्य की जीत होगी

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वे जांच का सामना करने से नहीं डरते, लेकिन कानूनी सलाह लेंगे कि क्या इस मामले में इंवेस्टीकेशन हो सकती है या नहीं।उन्होंने आगे कहा कि मैं कानून और संविधान में विश्वास करता हूं। अंत में सच की जीत होगी।

### MUDA केस क्या है?

साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) ने कुछ जमीन रिहायशी इलाके में विकसित करने के लिए किसानों से ली थी। इसके बदले MUDA की इंसेंटिव 50 :50 स्कीम के तहत अधिग्रहीत भूमि मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई। 1992 में MUDA ने इस जमीन को डीनोटिफाई कर कृषि भूमि से अलग किया था। 1998 में अधिगृहीत भूमि का एक हिस्सा MUDA ने किसानों को डीनोटिफाई कर वापस कर दिया। यानी एक बार फिर ये जमीन कृषि की जमीन बन गई।

# कोचिंग सेंटर हादसा : आरोप पत्र दाखिल करने से रोकने की याचिका खारिज

एजेंसी | बेंगलुरु

कोचिंग सेंटर मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट ने सीबीआई को आरोप पत्र दाखिल करने से रोकने संबंधी याचिका खारिज कर दी। ओल्ड राजेन्द्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हुई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जिसके तहत अदालत जांच एजेंसी को आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दे सके या आरोप पत्र दाखिल करने पर रोक लगा सके। न्यायालय ने जुलाई में मरने वाले सिविल सेवा के एक अभ्यर्थी के पिता द्वारा दायर आवेदन को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि याचिकाकर्ता के वकील द्वारा किया जा रहा अनुरोध कानून से परे है।




### मुख्य याचिका पर सीबीआई को नोटिस भी जारी

याचिकाकर्ता नेविन डाल्विन के पिता जे डाल्विन सुरेश के वकील ने कहा कि चूंकि मामले के जांच अधिकारी इस न्यायालय और खंडपीठ के आदेशों के अनुसार जांच नहीं कर रहे हैं, इसलिए सीबीआई को आरोप पत्र दाखिल करने से रोका जा सकता है। उच्च न्यायालय ने सुरेश की मुख्य याचिका पर सीबीआई को नोटिस भी जारी किया, जिसमें मामले के जांच अधिकारी को बदलने की उनकी याचिका को खारिज करने वाले सत्र अदालत के 20 सितंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने सीबीआई से याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी।

# मानसून ने पकड़ी वापसी की राह

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के बड़े हिस्से को भरपूर बारिश से सराबोर करने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिमी राजस्थान और कच्छ से शुरुआत के बाद अब वापसी की राह पर निकल पड़ा है। हालांकि, मौसम कार्यालय ने आगामी सप्ताह में मध्य, पूर्व और उत्तरपूर्व भारत के साथ तटीय और उत्तर कर्नाटक के अंदरूनी इलाकों, महाराष्ट्र और गोवा में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश का भी अनुमान जताया है। देशभर में पांच प्रतिशत अतिरिक्त बारिश लाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की यात्रा सोमवार को शुरू हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 के बजाय 23 सितंबर को पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से लौट गया है। अगले 24 घंटे के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ और हिस्सों तथा पंजाब, हरियाणा और गुजरात के आसपास के इलाकों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।



**पांच उपमंडल में कम बारिश :** देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हुई, लेकिन 36 मौसम विज्ञान संबंधी उपमंडल में से पांच में कम बारिश दर्ज की गई। इनमें जम्मू कश्मीर (26 प्रतिशत कम वर्षा), हिमाचल प्रदेश (20 फीसदी कम), अरुणाचल प्रदेश (30 प्रतिशत कम), बिहार (28 प्रतिशत कम) और पंजाब (27 प्रतिशत कम) शामिल हैं।

### नौ उपमंडल में अत्यधिक बारिश

कुल 36 उपमंडल में से नौ में अत्यधिक बारिश हुई। इनमें राजस्थान (74 प्रतिशत), गुजरात (68 फीसदी), महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश शामिल हैं।

### सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की

आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में दस्तक देता है। वह सितंबर के मध्य तक उत्तर-पश्चिमी भारत से लौटना शुरू करता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह चला जाता है। इस मानूसन में देश में एक जून से 23 सितंबर के बीच 880.8 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि सामान्यत: 837.7 मिमी. बारिश होती है।

# शर्म करो सरकारी मुलाजिमों!

## 80 साल की महिला 2KM तक रेंगकर पेंशन लेने पहुंचीं

**चलने में असमर्थ, फिर भी अधिकारी ने ऑफिस बुलाया**

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओड़िशा के केऊंझर में एक 80 वर्षीय विशेष रूप से विकलांग बुजुर्ग महिला को अपनी वृद्धावस्था पेंशन का लाभ उठाने के लिए स्थानीय पंचायत कार्यालय तक वृद्ध महिला को अपना भत्ता लेने के लिए 2 किमी तक रेंग कर जाना पड़ा। अपनी आजीविका के लिए पेंशन के पैसे पर निर्भर रहने वाली बुजुर्ग महिला ने यह कठोर कदम इसीलिए उठाया क्योंकि उसकी मदद करने वाला कोई नहीं था। बुढ़ापे की वजह से ठीक से चल पाने में असमर्थ इस बुजुर्ग महिला को घुटनों के बल रेंगकर पंचायत कार्यालय तक जाना पड़ा। सिर्फ इस उम्मीद में कि वहां के अधिकारी उसकी समस्या का समाधान करेंगे।



### 2 KM तक रेंगकर पेंशन लेने पहुंची बुजुर्ग महिला

यह दर्दनाक घटना केऊंझर जिले के तेलकोई ब्लॉक अंतर्गत रायसुआं पंचायत से सामने आई है। महिला की दुर्दशा सरकारी अधिकारियों के लापरवाह रवैये को उजागर करती है। बुजुर्ग महिला का कहना है कि,'पीईओ ने मुझे पेंशन के लिए उनके कार्यालय तक पहुंचने को कहा है इसलिए कोई अन्य विकल्प न होने पर मुझे पंचायत कार्यालय 2 किमी. तक रेंगना पड़ता है। मेरी मदद करने वाला कोई नहीं है।' यह मामला 21 सितंबर का बताया जा रहा है। हालांकि इसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ।

### सरपंच ने दिया ये भरोसा

किलांग बुजुर्ग महिला का रेंगते हुए पंचायत कार्यालय जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद लोग सरकारी मुलाजिमों पर भड़क गए और बोलने लगे कि इन कर्मचारियों को जरा भी शर्म नहीं आती। अगर किसी असहाय महिला के पास कोई उसका अपना मदद करने वाला नहीं है तो क्या इनकी मानवता मर चुकी है। जब मामला रायसुआं के सरपंच बागन चंपिया के सामने आया तो उन्होंने कहा कि, 'इस घटना की जानकारी हमें सोशल मीडिया से मिली हैं, आगे से उनका वृद्धावस्था पेंशन पीईओ के जरिए उनके घर पहुंचा दिया जाएगा और 3 महीने का राशन भी उनके घर पहुंचा दिया जाएगा।'

# राष्ट्र विरोधी साजिश मामले में एनआईए ने की छापेमारी

## हिज्ब-उत-तहरीर संगठन से जुड़े 11 संदिग्धों के ठिकाने खंगाले

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को देश में इस्लामी शासन स्थापित करने की मांग करने वाले हिज्ब-उत-तहरीर संगठन की विभाजनकारी साजिश से जुड़े मामले में तमिलनाडु के कई स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। एनआईए की टीमों ने चेन्नई, तांबरम और कन्याकुमारी जिलों में संगठन से जुड़े 11 संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। वहां से डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और संगठन से जुड़े साहित्य के अलावा कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त किए।




### इस्लामी शासन के लिए अभियान चलाया

एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी ने लोगों के कई समूहों के साथ मिलकर भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए पूरे तमिलनाडु में अभियान चलाया था। इस मामले में जितने भी आरोपी हैं वे लोगों के बीच नफरत फैलाकर, उन्हें विभाजित करने और देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के विरुद्ध खतरनाक गतिविधियों में शामिल थे। इस साल जुलाई में चेन्नई पुलिस से जांच अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए जांच कर रही है।

### मतदान के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित है मामला

यह मामला विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार/मतदान के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित है। इस प्रक्रिया को संगठन गैर-इस्लामी मानता है। एनआईए के मुताबिक यह संगठन अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है। मामले के प्रमुख साजिशकर्ता हमीद हुसैन ने संगठन की भारत विरोधी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए गुप्त बैठकें कीं और पांच अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ सहयोग किया।